हरिभूमि
महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, शनिवार, 30 दिसंबर, 2023

12 शहर में चला खानापूर्ति अभियान, एक घंटे ईंट रोड़े इकट्ठा करके लौटे कर्मचारी



12 ठंड का ट्रिपल अटैकः कोल्ड-डे, कोहरे व सर्दी हवाओं के चलते ठिठुरने को मजबूर



## खबर संक्षेप

### बच्चों का लिया जाएगा साक्षात्कार

**महेंद्रगढ़।** दिल्ली के इंडियन स्कूल ऑफ डेवलपमेंट मैनेजमेंट आईएसडीएम द्वारा प्रायोजित एक वर्ष के सामाजिक रिसर्च प्रोजेक्ट ग्रामीण हरियाणा के पार क्षेत्रीय परिवारों असम, बंगाल, बिहार जैसे दूर दराज प्रदेशों से शादी करके आई महिला के बच्चों का साक्षात्कार लिया जाएगा। अंकित रिसर्च फैलोशिप के सदस्य ने बताया कि इन बच्चों की उम्र 16 से 25 वर्ष होनी चाहिए व उनको एक घंटे के साक्षात्कार के उपरांत 500 रुपये प्रत्येक छात्र को मानदेय के रूप में उनके घर पर ही दिया जाएगा।

### स्कूल के लिए निकला 13 वर्षीय बच्चा गायब

**महेंद्रगढ़।** गांव बारड़ा से स्कूल के लिए निकला 13 वर्षीय छात्र अज्ञात परिस्थितियों में गायब हो गया हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी हैं। पुलिस को दी शिकायत में गांव बारड़ा निवासी जगबीर ने बताया कि उसका 13 वर्षीय बेटा यश सतनाली के एक निजी स्कूल में पढ़ता है तथा उसकी बेटी भी स्कूल में 11वीं कक्षा में पढ़ती हैं। सुबह के समय उसका बेटी व बेटी के साथ बस में स्कूल गए थे, लेकिन छुट्टी के बाद केवल उसकी बेटी ही अकेली घर आई।

### गांव झगड़ौली में पेट्रोल पंप से बाईक चोरी

**महेंद्रगढ़।** गांव झगड़ौली स्थित पेट्रोल पंप से रात के समय एक मोटरसाईकिल चोरी हो गई हैं। सदर थाना पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव सुरजनवास निवासी धर्मबीर ने बताया कि वह गांव झगड़ौली स्थित पेट्रोल पंप पर नौकरी करता हैं। 24 दिसंबर को अपनी बाईक लेकर पेट्रोल पंप पर गया था। रात को करीब 12 बजे उस उसने देखा तो उसकी बाईक गायब मिली।

### कल खेल प्रतियोगिता और सम्मान समारोह

**नारनौल।** विलेज हार्ड वर्क यूट्यूब की ओर से गांव जैलाफ में 31 दिसंबर को खेल प्रतियोगिता एवं सम्मान समारोह होगा। बोस जैलाफिया के जन्मदिन पर होने वाली इस प्रतियोगिता में जिला भर के खिलाड़ियों को आमंत्रित किया गया है। इस प्रतियोगिता में नेशनल स्टाइल कबड्डी होगी, जिसमें प्रथम आने वाली टीम को 31 हजार व द्वितीय को 21 हजार का इनाम दिया जाएगा।

### खेलो इंडिया यूथ गेम्स के लिए ट्रायल 1 से 4 तक

**नारनौल।** तमिलनाडु में आयोजित होने वाले आठवें खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2023 के लिए हरियाणा राज्य के खिलाड़ियों का प्रतियोगिता के चयन के लिए एक से चार जनवरी तक ताऊ देवीलाल स्टेडियम पंचकूला में ट्रायल लिया जाएगा। यह जानकारी देते हुए जिला खेल अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि एक जनवरी को हॉकी व वॉलीबॉल पुरुष खिलाड़ियों के टीमों का ट्रायल ताऊ देवीलाल स्टेडियम पंचकूला में लिया जाएगा। इसी प्रकार दो जनवरी को फुटबॉल व हॉकी महिला खिलाड़ियों के टीमों का ट्रायल ताऊ देवीलाल स्टेडियम पंचकूला में लिया जाएगा।

### आदर्श स्कूल में कल फिजियोथेरेपी कैंप

**नारनौल।** स्त्री शिक्षा परिषद् की ओर से संचालित मौहल्ला चौधरीयान स्थित आदर्श हाई स्कूल में 31 दिसंबर को फिजियोथेरेपी कैंप का आयोजन होगा। कैंप में मुख्य अतिथि हरियाणा शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन डा. वी.पी. यादव होंगे। अध्यक्षता समाजसेवी नेमी चंद जैन करेंगे। इस संबंध में संस्था के प्रधान एडवोकेट अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि कैंप में न्यूरो स्पाइन हॉस्पिटल से डा. अशोक मीणा शारीरिक एवं विकलांगता पीड़ित लोगों का निवारण करके अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। कैंप में मरीजों के लिए रजिस्ट्रेशन 30 दिसंबर को शुरू किया जाएगा।

# एक साल में भी पोल नहीं बदलने पर एसडीओ चार्जशीट, 16 में से 11 शिकायतों का निपटारा

### बिजली मंत्री रणजीत सिंह ने ली जनपरिवेदना समिति की मासिक बैठक

- राज्यमंत्री ने रोडवेज जीएम को निर्देश दिए कि वहां पर बस स्टॉप बनाया जाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

बिजली मंत्री रणजीत सिंह ने शुक्रवार को पंचायत भवन में जिला लोक संपर्क एवं जनपरिवेदना समिति की मासिक बैठक में जनसुनवाई की। इस अवसर पर पहले से ही निर्धारित 16 मामले सुनवाई के लिए रखे गए, जिनमें से 11 मामले निपटाए गए।

पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा ने सदन में उपस्थत लोगों के समक्ष बिजली मंत्री को जन्मदिन की बधाई दी। बाद में राज्यमंत्री ओमप्रकाश यादव ने बिजली मंत्री को मिठाई भी खिलाई। इस अवसर पर गांव सेहलंग निवासी राजपाल की सुनवाई करते हुए बिजली मंत्री ने कहा कि पीड़िता के परिवार को पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता अगले वित्त वर्ष में दे दी जाएगी।

इसमें 2.5 लाख रुपये वे खुद तथा 2.5 लाख रुपये सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री अपने कोटे से देंगे। राजपाल की पोती पायल की कुछ माह पहले बस में चढ़ते समय हुए हादसे में मौत हो गई थी। इस मामले में चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज हो चुकी है। राज्यमंत्री ने रोडवेज जीएम को निर्देश दिए कि वहां पर बस स्टॉप बनाया जाए।

### पांच पेंडिंग शिकायतों की सुनवाई अगली बैठक में होगी

#### दूसरी जमीन देने का केसा बनाने का निर्देश

गांव देवास के सतवीर की शिकायत पर बिजली मंत्री ने लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता को निर्देश दिए कि आवेदक को उसकी जमीन पर सड़क बनाने के बदले दूसरी जमीन देने का केस तैयार किया जाए। दरअसल देवास से चितलांग जाने वाली सड़क सतवीर की जमीन से निकाल दी गई, जबकि इसके साथ लगती जमीन पर सड़क बनाई जानी थी। यह सड़क 1982 में बनी थी, क्योंकि यह मामला बहुत पुराना है। ऐसे में उस वक्त उसके साथ लगती छोड़ी गई जमीन प्रार्थी को देने के लिए केस बनाने के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई के दौरान बापड़ोली के राजकुमार की शिकायत पर उन्होंने बीमा कंपनी को निर्देश दिए कि उनकी भैंस की मौत होने पर शेष बचे 40 हजार रुपये तुरंत प्रभाव से अदा किए जाएं। इस बैठक में उपायुक्त मोनिका गुप्ता, पुलिस अधीक्षक नितिश अग्रवाल, एडीसी वैशाली सिंह, जिला परिषद के अध्यक्ष डा. राकेश कुमार, बीजेपी के जिला प्रधान दयाराम यादव, जेजेपी के जिला प्रधान डा. मनीष शर्मा, मनीष मित्तल के अलावा समिति के सदस्य मौजूद थे।



नारनौल। जनपरिवेदना समिति की बैठक में जनसुनवाई करते बिजली मंत्री रणजीत सिंह। फोटो: हरिभूमि

#### एसडीओ ने एक साल तक कोई भी कार्रवाई नहीं की

गांव भालखी निवासी कुरड़ाराम की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए बिजली मंत्री ने निर्देश दिए कि तीन नवंबर 2022 को प्रार्थी ने लोहे का पोल बदलने के लिए आवेदन दिया था। इस पर तत्कालीन एसडीओ ने एक साल तक कोई भी कार्रवाई नहीं की। ऐसे में उन्हें तुरंत प्रभाव से चार्जशीट किया जाए। गांव राजावास व राठीवास के सरपंच मोहित की शिकायत पर उन्होंने एडीसी की अध्यक्षता में जनपरिवेदना समिति के दो मेंबर को लेकर जांच करने के निर्देश दिए हैं। सरपंच ने बताया था कि उनके गांव में पाइप लाइन डालते समय टाइल तोड़ी गई थी, जो दोबारा नहीं लगाई गई।

### पोर्टल पर प्रॉपर्टी सत्यापित करने वाले को मिलेगी छूट

**नारनौल।** नगर परिषद क्षेत्र के तहत आने वाले प्रॉपर्टी धारक नगर परिषद कार्यालय के कमरा नंबर छह व नौ में हेल्प डेस्क पर 30 व 31 दिसंबर को छुट्टी के दिन भी कार्यालय में आकर अपनी संपत्ति को सत्यापित करवा सकते हैं। इसके अलावा स्वयं भी अपनी संपत्ति को सत्यापित करते है, तो सरकार की ओर से उन सभी प्रॉपर्टी धारकों को वर्ष 2023-24 के टैक्स पर 15 प्रतिशत की छूट का लाभ मिलेगा। 31 दिसंबर तक प्रॉपर्टी धारक इस योजना का लाभ ले सकते हैं। यह जानकारी देते हुए नगर परिषद की कार्यकारी अधिकारी सुमनलता ने बताया कि नगर परिषद क्षेत्र के तहत आने वाले प्रॉपर्टी धारक वर्ष 2023-24 का 31 दिसंबर तक एनडीसी पोर्टल पर अपनी संपत्ति को सत्यापित करवाते है, तो उन्हें अपना टैक्स पर 15 प्रतिशत का लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि जिन प्रॉपर्टी धारकों का वर्ष 2010-11 से वर्ष 2022-23 तक का बकाया कर एक मुस्त जमा करने पर उसे 15 प्रतिशत का लाभ मिलेगा।



नारनौल। नप परिसर में सफाई कर्मचारियों को संबोधित करते कर्मचारी नेता महेंद्र संगेलिया। फोटो: हरिभूमि

### बकाया एरियर की मांग को लेकर नप सफाई कर्मियों ने शुरू की हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

बकाया एरियर की मांग को लेकर नगर परिषद के सफाई कर्मचारियों ने शुक्रवार को भी हड़ताल जारी रखी। नगर पालिका कर्मचारी संघ के तत्वावधान में की जा रही इस हड़ताल में नगर परिषद के सफाई कर्मचारी भाग ले रहे हैं। यह मांग लंबे समय से चली आ रही है, लेकिन नगर परिषद अधिकारी उन्हें उनका बकाया एरियर का भुगतान नहीं कर रहे। इस मांग को वर्ष 2017 से अब तक लगातार छह साल हो गए हैं। इस दौरान लिखित एवं मौखिक आधार पर नप अधिकारियों को अवगत भी कराया जा चुका है, इसके बावजूद भी नगर प्रशासन सफाई कर्मचारियों की मांग पर कोई ध्यान नहीं दे रहा। इसी कारण आज की यह काम छोड़ हड़ताल की गई है। प्रधान सुरेश कुमार जैदिया ने बताया कि नगर प्रशासन हड़ताल के बावजूद उनकी सुनवाई करने को तैयार नहीं है तथा न ही कर्मचारियों के साथ कोई बातचीत या वार्ता की जा रही है। इसलिए नगर पालिका कर्मचारी संघ शाखा नारनौल ने हड़ताल को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया है। उन्होंने अन्य मांगों को उठाते हुए कहा कि सफाई कर्मचारियों को सरकार की ओर से मिलने वाला तेल-साबुन एवं ड्रेस भी नहीं दी जा रही। ईएसआई कार्ड एवं आईडी भी नहीं बनाई जा रही और इससे सफाई कर्मचारियों में भारी रोष व्याप्त है। इस मौके पर राज्य कैशियर महेंद्र सिंह संगेलिया, सचिव महावीर प्रसाद, जिला प्रधान राहुल सारवान, सर्व कर्मचारी संघ के रा'य सचिव महेंद्र सिंह बोयत, एसकेएस के जिला प्रधान कौशल यादव, सुनील बोयत, अमित, भूपेंद्र सिंह, संतलाल, रॉकी, विनोद, रमन, नीरज, आशु, दीपक, राजा, दीपक, मनोज, जसवंत, राजेश, गोबिंद, सुरेंद्र, प्रदीप, सुरेश, महीपाल, धर्मबीर, राजू, संजय, जसबीर, विजय, सुनीता, मनोज देवी, महेंद्र चौहान, नरेश कुमार, कमल, लाजवंती, ऊषा देवी, निर्मला, रेखा, मंजू देवी, पूनम, राजबाला, सुनीता, ममता, नीलम, सीमा व अनीता आदि उपस्थित रहे।

### आज नारनौल पहुंचेगा अयोध्या से पवित्र पूजित अक्षत कलश

**नारनौल।** अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले श्री रामलला मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा संपर्क अभियान की दृष्टि से 30 दिसंबर को पवित्र पूजित अक्षत कलश पहुंचेगा। प्रातः 11 बजे नगर के मां चामुण्डा देवी मंदिर में विहिप के जिलाध्यक्ष सांवत सिंह गोद द्वारा पवित्र पूजित अक्षत कलश नगर संपर्क अभियान कार्यकारिणी (प्रमुख समिति) को सौंप दिए जाएंगे। उसके बाद पूजित अक्षत कलश को रामभक्त अपने सिर पर रखकर मां चामुंडा देवी मंदिर प्रांगण से भव्य शोभायात्रा के रूप मे आजाद चौक, पुल बाजार, महावीर चौक, बहादुर सिंह तालाब, नलापुर और किलारोड होते हुए वापिस मां चामुण्डा देवी मंदिर आएंगे। कलश यात्रा के समापन पश्चात नारनौल नगर की 18 बस्तियों की टोली के पालकों, संयोजकों और सह-संयोजकों को नगर के घर-घर निमंत्रण हेतु पूजित अक्षत, पत्रक एवं रामजी का चित्र दिया जाएगा। जो एक जनवरी से 15 जनवरी तक रामसेवकों की टोली द्वारा घर-घर संपर्क अभियान द्वारा पहुंचाया जाएगा।

## अस्पताल ही नहीं पहुंचे चिकित्सक, एनएचएम चिकित्सकों के सहारे रही स्वास्थ्य व्यवस्था

# डॉक्टरों की हड़ताल से स्वास्थ्य सेवाएं बेहाल, दर-दर भटकते रहे मरीज

हड़ताल के चलते एनएचएम एवं आयुष विभाग के डाक्टरों के सहारे चलाई गई अस्पताल की सेवाएं, सिविल सर्जन बोले नहीं होने दी मरीजों को परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

सरकारी अस्पताल के चिकित्सकों द्वारा मांगों को लेकर शुरू की गई अनिश्चितकालीन हड़ताल के पहले दिन नागरिक अस्पताल में व्यापक असर देखने को मिला। हड़ताल में शामिल होने वाले एमबीबीएस डाक्टर अस्पताल ही नहीं पहुंचे और मरीज इधर-उधर भटकते रहे। हालांकि सिविल सर्जन ने कुछ वैकल्पिक व्यवस्थाएं भी की हुई थी, जहां मरीज दिखाई दिए, लेकिन अधिकांशतया मरीज परेशान ही रहे। सिविल सर्जन एवं एमएस खुद बार-बार विभिन्न कक्षों के चक्कर लगाकर समीक्षा करते रहे। कमाल की बात यह रही कि जब 27 दिसंबर को सांकेतिक हड़ताल के तौर पर ओपीडी की सेवाएं बंद की गई थी, तब हड़ताली डाक्टर अस्पताल आए थे। उन्होंने तब विरोधस्वरूप मरीजों को नहीं ईलाज प्रदान नहीं किया था और बाहर कुर्सियां डालकर धूप सेंकते रहे थे, लेकिन आज हड़ताली चिकित्सक अस्पताल ही नहीं पहुंचे। चिकित्सकों की हड़ताल का फायदा अस्पताल के दूसरे स्टाफ ने भी उठाया और काफी कम संख्या में कर्मचारियों एवं नर्सिंग स्टॉफ की हाजिरी देखने को मिली। शुक्रवार को मौसम भी कड़ाके की ठंड का बना हुआ था और रात से ही घना कोहरा गिर रहा था। दोपहर करीब एक-डेढ़ बजे तक सूर्यदेव के दर्शन नहीं हुए थे। इस कारण अस्पताल में अन्य सामान्य दिनों की तुलना में मरीज भी कम संख्या में ही अस्पताल पहुंचे थे। यह हड़ताल हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसिज एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित की जा रही है, जिससें डेंटल यूनियन एवं आयुर्वेद के चिकित्सक भाग नहीं ले रहे हैं। सीएमओ के अनुसार सरकारी अस्पतालों में लगभग 130 डाक्टर्स लगे हुए हैं और इनमें से लगभग 80 हड़ताल में भाग ले रहे हैं। बता दें कि एचसीएमएसए के तत्वावधान में सरकारी अस्पतालों के चिकित्सक अपनी मांगों को लेकर शुक्रवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। हड़ताल के चलते डाक्टरों के कक्ष खाली पड़े रहे, जबकि मरीज चिकित्सकों के आने का इंतजार करते रहे, लेकिन उनके नहीं आने से मरीजों को परेशानी हुई। मरीज अपने ईलाज के लिए इधर-उधर भटकते रहे। हालांकि अस्पताल के सर्जरी वार्ड के बाहर भीड़ दिखाई दी। इस वार्ड में डा. अक्षत यादव सेवाए दे रहे थे। वह इस समय वह पीजी कर रहे हैं और द्वितीय वर्ष के छात्र हैं। इसी प्रकार वरिष्ठ नागरिक कक्ष में डा. अश्विनी रोहिल्ला अपनी सेवाएं सुचारु रखे हुए थे, लेकिन अन्य कक्षों जैसे नेत्र चिकित्सक, हड्डी रोग, मनोरोग, अल्ट्रासाउंड समेत विभिन्न कक्षों में कुर्सियां खाली पड़ी रही।







नारनौल। हड़ताल के चलते खाली पड़ा नेत्र रोग कक्ष, सर्जरी वार्ड में मरीजों को उपचार प्रदान करते डा. अक्षत यादव व नागरिक अस्पताल का मुआयना करने पहुंचे सिविल सर्जन डा. रमेश चंद आर्य एवं एमएस डा. कंवर सिंह चौहान।

#### स्वास्थ्य विभाग में 135 डॉक्टरों को तैनाती



हरियाणा स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टरों ने शुक्रवार से सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं में सभी प्रकार की स्वास्थ्य सेवाओं को रोकने के हड़ताल के आह्वान को देखते हुए आमजन को निर्बाध रूप से स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए जिले में लगभग 135 डॉक्टरों को तैनात किया गया है। सिविल सर्जन ने शुक्रवार शाम को बताया कि जनता को निर्बाध सेवाएं प्रदान करने के लिए स्वास्थ्य विभाग जिले में लगभग 135 डाक्टरों को तैनात किया है।

#### यह कहते हैं प्रधान

हड़ताल के संदर्भ में एसोसिएशन के प्रधान डा. अनिल यादव ने फोन पर हुई बात में बताया कि वह नारनौल से चंडीगढ़ आ गए हैं, क्योंकि आज दोपहर दो बजे बाद एसोसिएशन एवं सरकार के बीच वार्ता होनी है। हमारी मांग है कि सरकार एसएमओ की सीधी भर्ती न करके स्पेशलिस्ट का कैडर बनाए तथा उनमें से पदौन्नति करे। कैडर की खाली पोस्टों पर प्रमोशन से भर्ती करे। एसीपी 4, 9, 13 व 20 साल पर लागू की जाए। पीजी कक्षाओं के लिए बांड एक करोड़ की बजाए 50 लाख रुपये का किया जाए।

#### यह बोले सिविल सर्जन

सिविल सर्जन डा. रमेश चंद्र आर्य ने बताया कि बेशक से आज चिकित्सकों की हड़ताल है, लेकिन इसकी वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। एनएचएम के चिकित्सक ड्यूटी पर लगाए गए हैं। ओपीडी सामान्य चलवाई है। एमरजेंसी एवं प्रसूति वार्ड में भी कोई खास दिक्कत नहीं आई है। स्वास्थ्य सेवाओं को नार्मल चलाया जा रहा है। हमने दूसरे रिसोर्स से कोशिश की है। एनएचएम व आयुष के डाक्टर ड्यूटी पर थे। सारी चीजें सामान्य रही हैं। किसी मरीज को कोई परेशानी नहीं होने दी। जिले में करीब 130 डाक्टर हैं, जिनमें से लगभग 80 हड़ताल पर रहे हैं।

### सरकारी अस्पताल के चिकित्सकों ने की हड़ताल

**मंडी अटेली।** प्रदेशभर के सरकारी चिकित्सकों की हड़ताल के चलते शुक्रवार को एलोपैथिक चिकित्सकों की सीट पर होम्योपैथिक व आयुर्वेदिक चिकित्कों ने कमान संभाली। हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विस एसोसिएशन के आह्वान पर एमबीबीएस व एमडी चिकित्सक पूरी तरह से हड़ताल पर रहे। इस कारण मरीजों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। जिस कारण सरकारी अस्पतालों में मरीजों को उपचार नहीं मिल सका।

### कनीना में चिकित्सकों ने की हड़ताल

**कनीना।** चिकित्सकों की हड़ताल के चलते उप नागरिक अस्पताल में शुक्रवार को दंतक सर्जन डा. जितेंद्र मोरवाल ने सामान्य ओपीडी की। जिससे आने वाले मरीजों ने राहत की सांस ली। सिविल सर्जन डा. रमेश चंद्र आर्य के दिशानिर्देशन में दंतक सर्जन ने मरीजों की जांच कर दवा दी। डा. मोरवाल ने अस्पताल प्रभारी के कार्य का निर्वहन करते हुए जनहित को ध्यान में रखकर कार्य किया। उनके साथ डा. विनय कुमार एएमओ व डा. नेहा एचएमओ भी कार्य करते रहे। आपातकालीन सेवा के लिए डा. तमन्ना भी मुस्तैद रही।

## सबसे पहले सभी विद्यालय मुखिया स्वयं करेंगे अपना मूल्यांकन

# सरकारी स्कूलों को जारी की जाएगी ग्रेडिंग

- पहले चरण में आरोही और मॉडल संस्कृति स्कूलों को किया शामिल
- जिलास्तर पर गठित टीम द्वारा की जाएगी गतिविधियों की निगरानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

शिक्षा विभाग की नई पहल के तहत सरकारी स्कूलों को ग्रेडिंग दी जाएगी। पहले चरण में जिले के आरोही मॉडल स्कूल, राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल, राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय और पीएम श्री विद्यालयों को इस प्रक्रिया के लिए चुना गया है। इसमें सबसे पहले सभी विद्यालय मुखिया स्वयं अपना मूल्यांकन करेंगे। इसकी निगरानी के लिए एक टीम का भी गठन किया जाएगा। जिला स्तर पर कोई पक्षपात न हो इसके लिए जिला स्तर पर टीम का गठन किया गया है। जिला स्तरीय टीम में सदस्य जिला शिक्षा अधिकारी, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी, जिला सूचना प्रौद्योगिकी कार्यक्रम अधिकारी, एमआईएस एंड यू डाइस नोडल, खंड संसाधन समन्वयक, डाइट से एआरजी, निजी स्कूलों के दो प्रतिनिधि शामिल होंगे। वहीं ब्लॉक स्तरीय टीम सदस्य में खंड शिक्षा अधिकारी, खंड संसाधन समवयक, खंड एमआईएस, समवयक डाटा एंट्री ऑपरेटर, प्राइवेट स्कूलों के दो प्रतिनिधि, प्रधानाचार्य शामिल होंगे। जिला स्तरीय टीम का मुख्य कार्य जिला स्तर पर प्राप्त आंकड़ों को एकत्र करना, उनके सत्यापन को सुनिश्चित करना और कार्यक्रम की कार्यांवयन में सहायता करना है। टीम के सभी सदस्य सर्किल अनुसार गतिविधियों की निगरानी करेंगे। टीम के सभी सदस्य सभी चरणों में निगरानी और कार्य सुनिश्चित करेंगे। कार्यक्रम की गुणवत्ता बनाए रखने की जिम्मेदारी सभी टीम सदस्यों की होगी। टीम किसी भी प्रकार की त्रुटि की पहचान करेगी, वह उसे ठीक करने में अपना योगदान देगी। रिपोर्ट कार्ड तैयार करने और उन्हें स्कूलों के साथ साझा करने में सहायता प्रदान करेंगे।



खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय।

#### स्कूल का दौरा करके दिया जाएगा फीडबैक



जिला एआरजी व टैबलेट नोडल अधिकारी अरुण कुमार का कहा कि मूल्यांकन के अगले चरण के लिए रैंकिंग, ग्रेडिंग और स्कूलों की पहचान के लिए मानदंडों की स्थापना का समर्थन करेंगे। स्कूल शिक्षा विभाग को सहायता करेंगे। कार्यक्रम के दौरान अवलोकन करना और फीडबैक देना मुख्य केंद्र बिंदु रहेगा। स्कूलों के सुधार के लिए निर्णय लेंगे। किसी भी प्रकार की कोई शिकायत आती है तो उस शिकायत का सत्यापन के अनुसार स्कूल विजिट करके शिकायत दूर करेंगे। संबंधित दस्तावेज, रजिस्टर फोटो आदि साक्ष्य को एकत्र करेंगे। इन साक्ष्यों पर निष्कर्ष और अपनी टिप्पणी शिकायत पर देंगे व उसकी रिपोर्ट राज्य टीम को भेजेंगे। खंड स्तरीय टीम स्व मूल्यांकन और बाह्य मूल्यांकन के दौरान स्कूलों से एकत्र आंकड़ों की गुणवत्ता सुनिश्चित करना है। मूल्यांकन के दौरान स्कूलों से प्राप्त आंकड़ों की प्रमाणिकता की पुष्टि करना।

### गोली मारकर हत्या करने के मामले में एक आरोपित पकड़ा, रिमांड पर लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सतनाली

क्षेत्र के गांव नावा से गोपालवास रोड पर सोमवार को कार सवार एक युवक की गोली मार कर हत्या करने के मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने एक आरोपित को गिरफ्तार किया है, जिसकी पहचान ढिल्लू उर्फ नरेंद्र वासी बारडा सतनाली के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपित को शहर महेंद्रगढ़ क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। आरोपित को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस द्वारा आरोपित से पूछताछ की जा रही है। पुलिस प्रवक्ता सुमित कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि गांव कादमा निवासी चंद्र सिंह ने सतनाली थाना पुलिस को शिकायत दी, जिसमें उसने बताया कि सोमवार शाम को वह और उसका छोटा बेटा बिजेंद्र अपनी कार में सवार होकर गांव डिगरोता में अपनी बेटी के घर खाद के बैग देकर वहां से वापिस गांव कादमा के लिए आ रहे थे। रास्ते में गांव नावां से गोपालवास की तरफ जाते समय गाड़ी रोककर वह गाड़ी से नीचे उतर गया। तभी वहां एक गाड़ी उनकी गाड़ी के पीछे आकर रूकी। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसने देखा कि उस गाड़ी में से युवक उतरे, जिनमें से एक युवक के हाथ में पिस्तौल थी।



महेंद्रगढ़। पुलिस गिरफ्त में आरोपित।

## खबर संक्षेप

### आरबीआई ने पीआईडीएफ योजना 2025 तक बढ़ाई



**मुंबई।** आरबीआई ने शुक्रवार को भुगतान अवसंरचना विकास कोष (पीआईडीएफ) योजना को दो साल बढ़ाकर दिसंबर 2025 तक कर दिया। इसके साथ ही 'साउंड बॉक्स' उपकरण और 'आधार' से जुड़े बायोमेट्रिक उपकरणों को शामिल करके सब्सिडी देने की गुंजाइश को बढ़ा दिया गया है।

### पावर ग्रिड को बांड से राशि जुटाने की मंजूरी

पावरग्रिड

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी पावर ग्रिड कॉरपोरेशन के निदेशक मंडल ने शुक्रवार को बांड के जरिये 2,200 करोड़ रुपये जुटाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। बांड पर गठित निदेशकों की समिति ने 29 जुलाई को पूंजीगत व्यय जरूरतों को पूरा करने के लिए कई किस्तों में वित्त वर्ष 2023-24 में 5,700 करोड़ रुपये जुटाने की मंजूरी दी थी।

### कल्पतरु प्रोजेक्ट्स को मिले 3,244 करोड़ के नए ठेके



**नई दिल्ली।** इंजीनियरिंग एवं निर्माण कंपनी कल्पतरु प्रोजेक्ट्स इंटरनेशनल लिमिटेड को उसकी विदेशी अनुषंगी कंपनियों और संयुक्त उद्यमों के साथ 3,244 करोड़ रुपये के नए ठेके मिले हैं। कंपनी ने इसके साथ ही भूमिगत मेट्रो रेल सुरंग क्षेत्र में भी प्रवेश की घोषणा की है। भूमिगत मेट्रो रेल परियोजना के 'डिजाइन' तथा निर्माण का ठेका मिला है।

### नवंबर में प्लास्टिक निर्यात में 5.6 प्रतिशत की गिरावट



**मुंबई।** भारत से प्लास्टिक निर्यात में नवंबर में सालाना आधार पर 5.6 प्रतिशत की गिरावट आई है और यह घटकर 89.2 करोड़ डॉलर रह गया है। इसकी मुख्य वजह विविध उत्पादों की निर्यात खेप में गिरावट आना है। प्लास्टिक निर्यात संवर्धन परिषद ने एक बयान में यह जानकारी दी। नवंबर, 2022 में कुल प्लास्टिक निर्यात 94.5 करोड़ डॉलर का हुआ था।

### जूमकार का इनोवेटिक के साथ विलय पूर्ण

Zoomcar
Never Stop Living

**नई दिल्ली।** कार साझा करने वाले मंच जूमकार और विशेष प्रयोजन अधिग्रहण कंपनी 'इनोवेटिव इंटरनेशनल एक्विजिशन कॉर्पोरेशन' (आईओएसी) ने शुक्रवार को अपना विलय पूरा कर लिया। जूमकार ने एक बयान में कहा कि संयुक्त इकाई का नाम जूमकार होल्डिंग्स इंक रखा गया है और यह नैसडैक पर तत्काल अपना कारोबार शुरू कर सकती है।

### इसरार अहमद बने फियो के कार्यवाहक अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** इसरार अहमद ने भारतीय निर्यात संगठनों के महासंघ (फियो) के कार्यवाहक अध्यक्ष का पदभार संभाल लिया है। उनकी नियुक्ति स्थायी अध्यक्ष के चुनाव तक प्रभावी होगी। भारतीय निर्यातकों के निकाय ने बयान में कहा कि उपाध्यक्ष अहमद ने फियो के कार्यवाहक अध्यक्ष का पदभार संभाल लिया है। फियो के निवर्तमान अध्यक्ष ए शक्तिवेल का कार्यकाल पूरा हो चुका है। फियो का चुनाव पहले ही होने वाला था लेकिन वाणिज्य मंत्रालय ने इसे टाल दिया है। इस साल मई में एक समिति का गठन किया गया है जो निर्यात संवर्द्धन परिषदों और फियो के पदाधिकारियों के चुनाव से संबंधित मौजूदा दिशानिर्देशों की समीक्षा कर रही है।

# सरकार ने सुकन्या समृद्धि योजना के निवेशकों को दिया न्यू ईयर गिफ्ट

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

सुकन्या समृद्धि योजना में निवेश करने वाले निवेशकों को सरकार ने नए साल पर बड़ी सौगात दी है। वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही के लिए योजना के ब्याज दरों को 8 फीसदी से बढ़ाकर 8.2 फीसदी कर दिया गया है।

■ ब्याज दरों में किया बढ़ोतरी का एलान

इसके अलावा 3 साल की अवधि वाले डिपॉजिट पर ब्याज को 7 फीसदी से बढ़ाकर 7.1 फीसदी किया गया है। लेकिन दूसरी छोटी बचत योजनाओं के ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग ने 2023-24 की चौथी तिमाही जनवरी से मार्च तक के लिए छोटी बचत योजनाओं के ब्याज दरों की समीक्षा कर उनकी घोषणा कर दी है। छोटी बचत योजनाओं में केवल सुकन्या समृद्धि योजना के ब्याज दरों में ही बदलाव किया गया है। बेटियों के लिए खासतौर से चलाई जा रही मोदी सरकार की इस स्कीम के ब्याज दर को 8 फीसदी से बढ़ाकर 8.2 फीसदी कर दिया गया है।

### पहली तिमाही में ब्याज दर बढ़ाकर 8 फीसदी की गई थी

इससे पहले भी मौजूदा वित्त वर्ष की पहली तिमाही में सुकन्या समृद्धि योजना के ब्याज दरों को 7.6 फीसदी से बढ़ाकर 8 फीसदी कर दिया गया था। यानि मौजूदा वित्त वर्ष में इस योजना के लिए सरकार 0.6 फीसदी ब्याज दरें बढ़ा चुकी है।

## ब्याज दरों को 8 फीसदी से बढ़ाकर 8.2 फीसदी कर दिया

### पीपीएफ के निवेशकों में मायूसी

पब्लिक प्रविडेंट फंड के ब्याज दरों में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है और इसमें निवेश करने वाले निवेशकों को केवल 7.1 फीसदी ब्याज मिलेगा। अप्रैल 2020 के बाद से ही पीपीएफ के ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है।




### इन स्कीमों के ब्याज दरों में बदलाव नहीं

वित्त मंत्रालय के सर्कुलर के मुताबिक सेविंग डिपॉजिट पर 1 जनवरी 2024 से लेकर 31 मार्च 2024 तक 4 फीसदी ब्याज मिलेगा। 1 साल की अवधि वाले डिपॉजिट पर 6.9 फीसदी, 2 साल के टाइम डिपॉजिट पर 7 फीसदी, 5 साल के डिपॉजिट पर 7.5 फीसदी ब्याज मिलेगा। 5 साल के रेकरिंग डिपॉजिट पर 6.7 फीसदी ब्याज को बरकरार रखा गया है।

### नेशनल सेविंग पर ब्याज दर यथावत

नेशनल सेविंग सर्टिफिकेट पर 7.7 फीसदी ब्याज दर को बरकरार रखा गया है। किसान विकास पत्र में निवेश करने वालों के 7.5 फीसदी ब्याज मिलेगा और ये 115 महीने में मैच्योर करेगा। सीनियर सिटीजन सेविंग स्कीम 8.2 फीसदी ब्याज इस तिमाही में मिलेगा। पोस्ट ऑफिस की मंथली इनकम अकाउंट स्कीम में निवेश पर 7.4 फीसदी ब्याज मिलेगा।

## बीएसई सेंसेक्स ने 18.73 प्रतिशत की बढ़त हासिल की

# शेयर बाजार की तेजी में निवेशकों की संपत्ति 2023 में 81.90 लाख करोड़ रुपए बढ़ी

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

शेयर बाजार के लिए 2023 एक यादगार वर्ष रहा। सकारात्मक कारकों के दम पर शेयर बाजार में शानदार तेजी रही और निवेशकों की संपत्ति इस साल 81.90 लाख करोड़ रुपये बढ़ गई। विशेषज्ञों का मानना है कि भारत की मजबूत व्यापक आर्थिक बुनियाद ने बाजार में तेजी लाने अहम भूमिका निभाई।

इस साल 30 शेयरों वाले सूचकांक बीएसई सेंसेक्स ने 11,399.52 अंक यानी 18.73 प्रतिशत की बढ़त हासिल की। इस तेजी की वजह से बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण इस साल 81,90,598.32 करोड़ रुपये बढ़कर 3,64,28,846.25 करोड़ रुपये के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया।

### भारतीय बाजार ने लचीलेपन का प्रदर्शन किया

पिछले साल 2022 में निवेशकों की संपत्ति 16.38 लाख करोड़ रुपये से अधिक बढ़ी थी। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक सुनील न्याति ने कहा कि भारतीय बाजार ने लचीलेपन का प्रदर्शन किया और व्यापक उभरते बाजारों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों में से एक बनकर उभरा है।



■ बाजार का पूंजीकरण 3,64,28,84 6.25 करोड़ रुपए रहा

■ खुदरा निवेशकों की भागीदार इस साल बढ़ी

■ खुदरा निवेशक अब गिरावट के दौरान घटबराते नहीं हैं

### स्मालकैप में 47 फीसदी का रहा उछाल

व्यापक बाजार में तेजी ने भी समग्र आशावाद को बढ़ाया। इस साल बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 13,746.97 अंक या 47.52 फीसदी उछला, जबकि मिडकैप इंडेक्स 11,524.72 अंक या 45.52 फीसदी चढ़ गया।

### रिलायंस पहले नंबर पर रही

बाजार मूल्यांकन के लिहाज से शीर्ष पांच कंपनियों की बात करें तो रिलायंस इंडस्ट्रीज 17,48,827.92 करोड़ रुपये के साथ पहले नंबर पर है। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) 13,88,591.70 करोड़ रुपये के मूल्यांकन के साथ दूसरे, एचडीएफसी बैंक 12,97,972.04 करोड़ रुपये के साथ तीसरे, आईसीआईसीआई बैंक 6,98,965.47 करोड़ रुपये के साथ चौथे और इन्फोसिस 6,40,351.80 करोड़ रुपये के बाजार मूल्यांकन के साथ पांचवे नंबर पर है।

### बाजार मूल्यांकन पहली बार 4000 अरब डॉलर पहुंचा

भारतीय बाजारों ने इस साल उस समय अपनी उपलब्धियों में और इजाफा किया जब बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का संयुक्त बाजार मूल्यांकन इस साल 29 नवंबर को पहली बार 4,000 अरब डॉलर तक पहुंच गया। बीएसई पर सभी सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 24 मई, 2021 को 3,000 अरब डॉलर पर पहुंचने के बाद उसे 4,000 अरब डॉलर के आंकड़े तक पहुंचने में सिर्फ ढाई साल लगे।

*शुक्रवार को सेंसेक्स 170 अंक गिरा :साल 2023 के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को सेंसेक्स में गिरावट आई क्योंकि निवेशकों ने हालिया तेज उछाल के बाद मुनाफावसूली को प्राथमिकता दी। सेंसेक्स 170.12 अंक गिरकर 72,240.26 पर बंद हुआ जबकि निफ्टी 47.30 अंक की गिरावट के साथ 21,731.40 पर बंद हुआ।*

### शेयर बाजार के लिए साल अच्छा रहा

न्याति ने कहा कि 2023 न केवल भारतीय शेयर बाजार के लिए एक अच्छा साल रहा, बल्कि खुदरा निवेशकों को भी इस साल तगड़ा मुनाफा हुआ। न्याति ने कहा, 'खुदरा निवेशक अब गिरावट के दौरान घबराते नहीं हैं, वे आत्मविश्वास से अपने निवेश को बरकरार रख रहे हैं और भारत की आर्थिक उन्नति के साथ चलने को तैयार हैं।'

### बाजार 2023 में करीब 20 प्रतिशत चढ़ा

घरेलू शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांकों- सेंसेक्स और निफ्टी में वर्ष 2023 के दौरान करीब 20 प्रतिशत की तेजी रही। हालांकि, साल के अंतिम कारोबारी दिन शुक्रवार को निवेशकों ने मुनाफा वसूली पर जोर दिया और बाजार गिरावट के साथ बंद हुए।

# तेल कंपनियां इथेनॉल पर देगी प्रोत्साहन राशि




■ सी-हैवी शीरा से बने इथेनॉल पर मिलेंगे 6 .87 रुपए प्रति लीटर

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों ने आपूर्ति बढ़ाने के लिए सी-हैवी श्रेणी के शीरा से बने इथेनॉल पर 6.87 रुपये प्रति लीटर का प्रोत्साहन देने की पेशकश की है।

पेट्रोलियम मंत्रालय ने शुक्रवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'सी-हैवी श्रेणी के शीरा से बने इथेनॉल उत्पादन को अधिकतम करने और इथेनॉल-मिश्रित पेट्रोल कार्यक्रम के लिए इथेनॉल की समग्र उपलब्धता बढ़ाने के लिए सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों ने सी-हैवी शीरा से बने इथेनॉल के लिए 6.87 रुपये प्रति लीटर के प्रोत्साहन की घोषणा की है।' सी-हैवी श्रेणी का शीरा चीनी कारखानों का एक उप-उत्पाद है। इथेनॉल उत्पादन के लिए इसका उपयोग हरित अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने का एक प्रभावी तरीका है। जीवाश्म ईंधन की खपत तथा आयात निर्भरता में कटौती के लिए एक सरकारी कार्यक्रम के हिस्से के रूप में तेल कंपनियां पेट्रोल में 12 प्रतिशत तक इथेनॉल का मिश्रण कर रही हैं। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों- इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसी), भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) ने इस शीरे पर प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की है।

### इथेनॉल की कीमतें सरकार कुछ दिनों में तय करेगी

कंपनियों ने कहा कि सी-हैवी श्रेणी के शीरा से बने इथेनॉल की आपूर्ति को बढ़ावा देने के लिए यह निर्णय लिया गया है। प्रोत्साहन राशि पिछले इथेनॉल आपूर्ति वर्ष (ईएसवाई) के खरीद मूल्य 49.41 रुपये प्रति लीटर के ऊपर दी जाएगी। बी-हैवी श्रेणी के शीरा और जूस से बनने वाले इथेनॉल की कीमतें सरकार कुछ दिनों में तय करेगी।

# भारत निवेशकों के देश के रूप में बदला: उदय कोटक

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली




■ भारत अब बचतकर्ताओं का देश नहीं रहा

■ लोग अपना धन एमएफ और शेयर बाजार में लगा रहे

दिग्गज बैंकर और कोटक महिंद्रा बैंक के पूर्व प्रबंध निदेशक (एमडी) उदय कोटक ने शुक्रवार को कहा कि भारत अब बचतकर्ताओं के बजाय निवेशकों का देश बन गया है और अधिक लोग अपना अधिशेष धन म्यूचुअल फंड एवं शेयर बाजार में लगाने लगे हैं।

कोटक ने सोशल नेटवर्किंग मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'भारतीय बचतकर्ताओं को 1980 के दशक की शुरुआत में सोने और जमीन की तुलना में वित्तीय परिसंपत्तियों पर कम भरोसा होता था। धीरे-धीरे बचतकर्ताओं ने कुछ हिस्सा बैंक जमा, यूटीआई और एलआईसी में स्थानांतरित करना शुरू किया।'

कोटक ने कहा कि 1990 के दशक में भी शेयर बाजार में निवेश को एक तरह का सट्टा ही माना जाता था। उन्होंने कहा, 'ऐसी स्थिति में कंपनियां पूंजी निवेश के लिए विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के पास गईं। एफआईआई ने यहां पर संभावनाएं देखीं और कंपनियों में खरीदारी की लेकिन भारतीय बचतकर्ता इनसे दूर ही रहे। दिग्गज बैंकर ने कहा कि कंपनियों ने कम-चर्चित लक्जमबर्ग स्टॉक एक्सचेंज के जरिये पूंजी जुटाई थी। इस तरह भारत का पूंजी बाजार निर्यात किया जा रहा था। वरिष्ठ बैंकर ने कहा, हममें से कुछ लोगों ने बाजार नियामक सेबी के समक्ष इस घटना पर प्रकाश डाला। इससे 2000 के दशक की शुरुआत में निजी आवंटन बाजार (क्यूआईपी) की शुरुआत हुई।

*निवेशक मॉडल के बीच खींचतान चल रही : कोटक ने कहा कि इस बदलाव से भारत बचतकर्ताओं के देश से निवेशकों के देश में तब्दील हो गया है। इस समय बचतकर्ता/ उधारकर्ता और जारीकर्ता/ निवेशक मॉडल के बीच खींचतान चल रही है।*

# रत्न, आभूषण निर्यात नवंबर में घटकर रहा 4.52 प्रतिशत

एजेंसी ▸▸| मुंबई

भारत का रत्न एवं आभूषण निर्यात नवंबर में सालाना आधार पर 4.52 प्रतिशत की गिरावट के साथ 19,018.180 करोड़ रुपये रहा। रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद (जीजेईपीसी) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। जीजेईपीसी के आंकड़ों के अनुसार, नवंबर 2022 में निर्यात 19,917.73 करोड़ रुपये रहा था।

जीजेईपीसी के चेयरमैन विपुल शाह ने कहा, 'भारत में उद्योग जगत ने भू-राजनीतिक मुद्दों और मांग कम होने के कारण 15 अक्टूबर से 15 दिसंबर तक कच्चे हीरे का आयात बंद करने का आग्रह किया था। इसके साथ त्योहारी सीजन में मांग बढ़ने से निर्यात में सुधार हुआ है।' शाह ने कहा कि उद्योग जगत को भविष्य में चीजें बेहतर होने और वित्त वर्ष 2023-24 में निर्यात पिछले वित्त वर्ष की तुलना में बेहतर रहने की उम्मीद है। इस बीच कटे तथा पॉलिश किए गए हीरे (सीपीडी) का निर्यात नवंबर में 9.65 प्रतिशत घटकर 9,217.88 करोड़ रुपये हो गया। एक साल पहले इसी अवधि में यह आंकड़ा 10,202.54 करोड़ रुपये था।



■ गिरावट के साथ 19,018 करोड़ रुपये रहा

### नवंबर में सोने का निर्यात 9.2 फीसदी बढ़ा

सोने के आभूषणों का कुल निर्यात नवंबर में 9.2 प्रतिशत बढ़कर 6,724.95 करोड़ रुपये हो गया, जबकि एक साल पहले इसी महीने यह 6,158.56 करोड़ रुपये था। प्रयोगशाला में बने पॉलिश किए गए हीरे (एलजीडी) का सकल निर्यात नवंबर में 20.12 प्रतिशत गिरकर 7,783.24 करोड़ रुपये हो गया।

# महिंद्रा एंड महिंद्रा पर 4.12 करोड़ रुपए का जुर्माना

**नई दिल्ली।** घरेलू वाहन विनिर्माता महिंद्रा एंड महिंद्रा (एमएंडएम) पर उसके दोपहिया कारोबार के संबंध में इनपुट टैक्स क्रेडिट दावे और शिक्षा उपकर क्रेडिट बैलेंस को जीएसटी-पूर्व दौर से जीएसटी प्रणाली में लाने पर 4.12 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया है। कंपनी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।
एमएंडएम ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि कंपनी को मध्य प्रदेश के इंदौर स्थित कार्यालय उपायुक्त (राज्य कर) से महिंद्रा टू-व्हीलर्स लिमिटेड (एमटीडब्ल्यूएल) के दोपहिया वाहन कारोबार के संबंध में 4,11,50,120 रुपये का जुर्माना लगाने का आदेश मिला है।

# सोना 350 रुपए टूटा, चांदी भी 1,000 रुपए लुढ़की

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

वैश्विक बाजारों से कमजोरी के संकेतों के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में शुक्रवार को सोना 350 रुपये की गिरावट के साथ 63,950 रुपये प्रति 10 ग्राम रहगया। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 64,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था।



■ चांदी लुढ़ककर 78,500 रुपए प्रति किलो

चांदी की कीमत भी 1,000 रुपये लुढ़ककर 78,500 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। जबकि इसके पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 79,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। इस बीच एमसीएक्स के वायदा कारोबार में सोने के फरवरी अनुबंध का भाव 244 रुपये की गिरावट के साथ 63,145 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। इसके अलावा चांदी के मार्च अनुबंध का भाव 1,166 रुपये गिरकर 73,793 रुपये प्रति किलोग्राम रह गया। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में सोना गिरावट के साथ 2,070 डॉलर प्रति औंस रह गया। चांदी भी गिरावट के साथ 23.80 डॉलर प्रति औंस रही। कॉमेक्स पर सोना हाजिर 2,070 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जो अंतरराष्ट्रीय बाजार में पिछले बंद स्तर से 10 डॉलर कम है।

## बीएसईएस छतों पर 1,000 सौर इकाइयां लगाएगी



**नई दिल्ली।** बिजली क्षेत्र की कंपनी बीएसईएस ने अभी तक छतों पर 6,000 सौर इकाइयां स्थापित की हैं और उसकी योजना अगले वित्त वर्ष में कम से कम 1,000 और इकाइयां लगाने की है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि छतों पर सबसे ज्यादा 3,650 सौर इकाइयां उपकरण घरेलू खंड में लगाई गईं। इसके बाद वाणिज्यिक खंड में 1,087 इकाइयां, शिक्षण संस्थानों में 939 इकाइयां, औद्योगिक क्षेत्र में 85 इकाइयां और अन्य क्षेत्रों में 129 इकाइयां स्थापित की गईं। बीएसईएस ने एक बयान में कहा, 'छत पर लगने वाले सौर नेट मीटरिंग की प्रतिक्रिया बहुत उत्साहजनक रही। आवासीय, शिक्षण और वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों सहित सभी श्रेणियों के उपभोक्ता बड़े पैमाने पर छत पर सौर नेट मीटरिंग के प्रति आकर्षित हुए हैं।'

## रिकवरी साइट पर स्विच करने लाइव सेशन होगा आयोजित

# नए साल में इस शनिवार को भी खुलेगा शेयर बाजार

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

वैसे तो शेयर बाजार में शनिवार को साप्ताहिक अवकाश होता है लेकिन जनवरी 2024 में इस दिन ट्रेडिंग होगी।

■ एनएसई दो लाइव सेशन आयोजित करने जा रहा

दरअसल, डिजास्टर रिकवरी (डीआर) साइट पर स्विच करने के लिए नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) 2 विशेष लाइव सेशन आयोजित करने जा रहा है। पहला सेशन सुबह 9:15 बजे शुरू होगा और यह सुबह 10:00 बजे समाप्त होगा जबकि दूसरा सेशन सुबह 11:30 बजे शुरू होकर 12:30 बजे बंद होगा। यह लाइव सेशन 20 जनवरी 2024, शनिवार को आयोजित किया जाएगा।

### क्या है इसका मकसद

दरअसल, इस ट्रेडिंग सेशन के जरिए स्टॉक एक्सचेंज डिजास्टर रिकवरी (डीआर) साइट का ट्रायल करेगा। इसका मकसद विषम परिस्थिति में बिना किसी बाधा के ट्रेडिंग को जारी रखना है।

आसान भाषा में समझें तो किसी साइबर अटैक, सर्वर क्रैश या अन्य विषम परिस्थितियों में ट्रेडिंग डिजास्टर रिकवरी (डीआर) साइट पर की जा सकेगी। इससे मार्केट और निवेशकों में स्थिरता बनी रहेगी।

### सर्कुलर में क्या कहा गया है

एनएसई ने इस संबंध में एक सर्कुलर भी जारी किया है। एनएसई सर्कुलर में ट्रेडिंग सेशन के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई है। इसमें बताया गया है कि 20 जनवरी को इक्विटी और इक्विटी डेरिवेटिव्स सेगमेंट में प्राइमरी साइट से डिजास्टर रिकवरी साइट पर इंट्रा-डे स्विच के साथ विशेष लाइव ट्रेडिंग सेशन आयोजित किया जाएगा।

### दूसरा सेशन डीआर साइट पर


वहीं, दूसरा विशेष लाइव ट्रेडिंग सेशन डीआर साइट पर होगा। इस दूसरे विशेष लाइव सेशन में, प्री-ओपन सेशन सुबह 11:15 बजे शुरू होगा और यह 11:30 बजे समाप्त होगा। सामान्य बाजार सुबह 11:30 बजे खुलेगा और दोपहर 12:30 बजे बंद होगा। वहीं, क्लोजिंग सेशन दोपहर 12:40 बजे से 12:50 बजे तक होगा। बता दें कि एनएसई के अलावा बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज भी 20 जनवरी को एक विशेष लाइव सेशन आयोजित करेगा। बीएसई की ओर से भी इस संबंध में सर्कुलर जारी कर दिया गया है।



### ट्रेडिंग प्राइमरी वेबसाइट पर होगी

सर्कुलर के मुताबिक इस दिन सुबह 9:00 बजे से 9:08 बजे तक प्री-ओपन सत्र होगा। इसके बाद सामान्य बाजार सुबह 9:15 बजे खुलेगा और 10:00 बजे बंद हो जाएगा। इस दौरान ट्रेडिंग प्राइमरी वेबसाइट पर होगी।

### वारी एनर्जीज ने आईपीओ दस्तावेज किए दाखिल




**नई दिल्ली।** सौर पैनल निर्माता वारी एनर्जीज ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिए धन जुटाने के लिए शुक्रवार को पूंजी बाजार नियामक सेबी के समक्ष दस्तावेज दाखिल किए।
भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष दाखिल किए गए दस्तावेज के अनुसार, आईपीओ में कुल 3,000 करोड़ रुपये के ताजा इक्विटी शेयर और एक प्रवर्तक तथा मौजूदा शेयरधारकों द्वारा 32 लाख इक्विटी शेयर की बिक्री पेशकश (ओएफएस) शामिल है।

## खबर संक्षेप



### एसपीजी-आईएएस स्कूल में अभिभावक-शिक्षक बैठक

**महेंद्रगढ़।** एसपीजी-आईएएस स्कूल में अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। शिक्षकों ने अभिभावकों को बच्चों के प्रदर्शन की जानकारी दी और बच्चों की परिणाम रिपोर्ट सांझा की। प्रधानाचार्या सरिता राव ने इस परिणाम के लिए सभी अभिभावकों को बधाई दी। सीईओ रोहित राव डुलाना ने कहा कि माता-पिता अपने बच्चों के पहले शिक्षक होते हैं।



### डेरोली अहीर पंचायत ने अवैध कब्जों को हटाया

**मंडी अटेली।** क्षेत्र के गांव डेरोली अहीर सरपंच लखीराम यादव के नेतृत्व में शुक्रवार को पंचायती भूमि पर हो रहे अवैध कब्जों को पीले पंजे की सहायता से हटाया गया। सरपंच लखीराम यादव ने बताया कि दौहान नदी, 60 एकड़ में गांव की बणी, डेरोली अहीर से खामपुरा तथा गांव के मुख्य रास्तों पर लोगों ने अवैध कब्जा किया हुआ था। गांव में हो रहे अवैध कब्जों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा व अवैध कब्जा करने वाले लोगों पर पंचायत कार्रवाई करेगी।

### धीमी गति से हो रहे सड़क निर्माण से समस्या बढ़ी

**कनीना।** कनीना मंडी में निमार्णाधीन सड़क के कारण रास्ता वन-वे हो गया है। धीमि गति से चल रहे सड़क निर्माण के कारण आने-जाने वाले वाहनों की अधिकता से जाम लगा रहता है। जिससे स्थानीय नागरिक व राहगीर भी परेशान हैं। सड़क जाम होने के कारण स्कूल बसों सहित अन्य वाहन लंबे समय तक जाम में फंसे रहते है। लिहाजा स्कूल बसों से उतर कर विद्यार्थी पैदल घर जाने को मजबूर हैं। शुक्रवार को ककराला मोड़ से पीएनबी बैंक तक लगे जाम के कारण विद्यार्थी तथा वाहन जाम में फंसे रहे।

### एसडी विद्यालय में होगी सम्बो चैम्पियनशिप

**कनीना।** एसडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ककराला में 31 दिसंबर को 14वीं जिला स्तरीय सम्बो चैम्पियनशिप प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिला महेंद्रगढ़ समो संगठन की ओर से आयोजित की जाने वाली इस प्रतियोगिता के लिए इच्छुक प्रतिभागी को पंजीकरण करवाना अति आवश्यक है, जो 31 दिसंबर को सुबह साढ़े नौ तक विद्यालय में करवाया जा सकता है। विद्यालय के चेयरमैन जगदेव यादव ने बताया कि प्रतियोगिता में लड़कियां 14 से 16 आयुवर्ग व भारवर्ग 41 किलोग्राम, 44, 47, 50, 54, 65, 72 किलोग्राम।

# वाटर डैम में घटिया सामग्री लगाने व मापदंडों की अनदेखी के आरोपों में नहीं मिली सच्चाई, पुलिस ने निर्माण करवाया शुरू

■ निर्माण शुरू करवाने से पहले ठेकेदार ने करवाई थी वीडियो ग्राफी 8-10 झाड़ीनूमा पेड़ों का नुकसान हुआ, फोरेस्ट विभाग ने काट दिया चालान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांगल चौधरी



नांगल चौधरी। डैम निर्माण स्थल पर विवाद होने पर छानबीन करती पुलिस। फोटो : हरिभूमि

नांगल पीपा के निर्माधीन वाटर डैम में घटिया सामग्री लगाने व मापदंडों की अनदेखी करने के आरोप सामने आए हैं। आक्रोशित ग्रामीणों ने शुक्रवार की सुबह निर्माण बंद करा दिया तथा प्रशासन विरोधी नारेबाजी की। उन्होंने ठेकेदार पर पंचायत के बोरवेल व मकान को खुर्द-बुर्द करने की शिकायत दर्ज करवाई, लेकिन पुलिस की छानबीन में आरोप तथ्यवहीन पाए, इसलिए निर्माण कार्य को दुबारा शुरू करवाया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि भूजल रिचार्ज स्कीम के तहत विभाग ने नांगल पीपा पंचायत की सीमा में वाटर डैम का निर्माण स्वीकृत किया था। डैम के लिए कृष्णावती नदी के साथ लगती जमीन चिन्हित की गई थी। टैंडर प्रक्रिया पूरी होने के उपरांत ठेकेदार ने करीब तीन महीने पहले निर्माण शुरू कर दिया था। सरपंच के साथ आए ग्रामीणों ने आरोप लगाया, कहा कि वटर डैम की निर्धारित जमीन पर सैकड़ों हरे पेड़ खड़े थे। साथ ही पंचायत के दो बोरवेल थे, जिनमें प्रयाप्त जलस्त्रोत थे। दोनों बोरवेलों को चालू करने के लिए पंचायत ने कागजी प्रक्रिया शुरू कर रखी थी। ठेकेदार ने ना तो विभाग ने हरे पेड़ काटने की अनुमति ली और ना ही मकान तोड़ने की। रातोंरात मकान को धवस्त कर दिया और मलबे का इधर-उधर फैंक दिया। दोनों बोरवेलों को मिट्टी से भरकर समतल कर दिए। जिस कारण ग्रामीणों को गर्मी के सीजन में पेयजल संकट का सामना करना पड़ सकता है। समस्या से हलका विधायक डा. अभय सिंह यादव को भी अवगत कराया गया था, उन्होंने विभागीय अधिकारियों को बोरवेल बचाने के निर्देश दिए थे। बावजूद ठेकेदार ने पेयजल व्यवस्था को धवस्त कर दिया। जिससे आक्रोशित ग्रामीणों ने वीरवार की शाम बैठक की, जिसमें मापदंडों के विपरीत बन रहे वाटर डैम के निर्माण को बंद कराने का फैसला लिया है। शुक्रवार सुबह 10/15 ग्रामीण वाटर डैम पर पहुंचे और ठेकेदार को काम बंद करके जेसीबी व अन्य संसाधन डैम से निकालने की हिदायत दी।

### निर्माण सामग्री की तीन बार हो चुकी सैंपलिंग, पारदर्शिता से हुआ है काम

विभाग के एसडीओ राजेश वर्मा ने बताया कि ठेकेदार ने डैम का निर्माण शुरू करने से पहले पूरी जगह की वीडियो ग्राफी करवाई थी। जिसमें कोई पेड़ दिखाई नहीं देते। बोवरेल थे, जिनको सरपंच की सहमति से तोड़ा था और मलबा भी सरपंच ने उठवाया है। विभाग के सर्कल अधीक्षक अभियंता ने स्वयं तीन बार निर्माण कार्य का निरीक्षण कर लिया। सामग्री के तीन बार सैंपल भी भरे जा चुके हैं, बावजूद आरोप लगाना समझ से परे हैं।

### हलका विधायक ने बोरवेल लगवाने का दिया आश्वासन

सरपंच राम नरेश ने बताया कि निर्माधीन जगह पर हरे पेड़ थे, जिनको ठेकेदार ने उखाड़ दिया। साथ ही ठेकेदार डैम से निकालकर बजरी भी बेचता है। जिसकी शिकायत फोरेस्ट व माइनिंग विभाग को भेज दी, लेकिन अभी तक कार्रवाई नहीं हुई है। हलका विधायक ने पंचायत में नया बोरवेल लगवाने का आश्वासन दिया है। जिससे संतुष्ट ग्रामीण डैम का निर्माण निर्माण शुरू करने पर सहमत हो गए।

### डैम निर्माण स्थल पर 8-10 मस्कट का नुकसान हुआ, चालान काट दिया

विभाग के रेंज अधिकारी जयभगवान सिंह ने बताया कि नांगल पीपा के सरपंच ने डैम का निर्माण कर रहे ठेकेदार पर हरे पेड़ काटने की शिकायत दर्ज करवाई थी। वीडियो क्लीप और मौका निरीक्षण में झाड़ीनूमा (मस्कट) पेड़ होने की पुष्टि हुई थी। जिनका चालान करके जिला फोरेस्ट अधिकारी को फाइल भेज दी है।

## हम सबको देश को विकसित राष्ट्र की श्रेणी में खड़ा करना: सीताराम

# हर एक व्यक्ति को योजनाओं से लाभांवित करना यात्रा का उद्देश्य

■ मनोहर-मोदी की सरकार अंत्योदय के सिद्धांत पर चलते हुए लोगों को योजनाओं का लाभ देने का कार्य कर रही : रामबिलास शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। होनहार विद्यार्थियों को सम्मानित करते विधायक डा. अभय सिंह यादव।



नारनौल। विकसित भारत की शपथ दिलाते पूर्व शिक्षा मंत्री रामबिलास शर्मा।

विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा शुक्रवार को खंड के गांव टहला व मुकुंदपुरा, नांगल चौधरी खंड के गांव बनिहाड़ी व नांगल नूनिया, कनीना खंड के गांव रामबास व पड़तल तथा महेंद्रगढ़ खंड के पल्ह व पाल गांव में पहुंची। इस अवसर पर नागरिकों को विकसित भारत की शपथ दिलाई। गांव टहला, मुकुंदपुरा, बनिहाड़ी व नांगल नूनिया में नांगल चौधरी विधायक डा. अभय सिंह यादव ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। वहीं रामबास व पड़तल में अटेली विधायक सीताराम यादव तथा पाल में पूर्व शिक्षामंत्री रामबिलास शर्मा ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। पल्ह में मंतीदेवी सरपंच ने विकसित भारत की शपथ दिलाई।

इस अवसर पर विधायक डा. अभय सिंह यादव ने कहा कि हर एक व्यक्ति सरकार की योजनाओं से लाभांवित हो इसी उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के निर्देशानुसार यह यात्रा चलाई हुई है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग कार्यालय में न जाने के कारण सरकार की योजनाओं के लाभ से वंचित रह जाते हैं। इसलिए सरकार अब घर द्वार पर ही लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ दे रही है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत, चिरायु कार्ड, जन-धन खाता, हर घर नल से जल, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत जैसी अनेक योजनाएं हैं जिन्हें इस यात्रा के जरिए जनता के समक्ष रखा जा रहा है। साथ ही विभिन्न विभाग योजनाओं के लिए पंजीकरण भी करवा रहे हैं। अटेली विधायक सीताराम यादव ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार ने अपने लगभग साढ़े नौ साल के कार्यकाल में समाज के अंतिम व्यक्ति को सरकारी सेवाएं प्रदान करने की दिशा में ठोस कदम उठाते हुए समाज की मुख्यधारा से जोड़ा है। उन्होंने कहा कि अगले 25 वर्ष के दौरान हम सबको मिलकर इस देश को विकसित राष्ट्र की श्रेणी में खड़ा करना है। इसी उद्देश्य से सरकार हर गांव व हर व्यक्ति तक पहुंचकर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के साथ जोड़ा जा रहा है। साथ ही उन्होंने केंद्र व प्रदेश सरकार की अंत्योदय की भावना से क्रियान्वित योजनाओं की सराहना करते हुए आमजन को सरकारी सेवाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। पूर्व शिक्षामंत्री रामबिलास शर्मा ने कहा कि मनोहर-मोदी की डबल इंजन की सरकार अंत्योदय के सिद्धांत पर चलते हुए आखिरी व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ देने का कार्य कर रही है।

### आज इन गांवों में जाएगी विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा

आत्मनिर्भर व विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को लेकर चल रही विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा 30 दिसंबर को महेंद्रगढ़ खंड के गांव लावण व मालड़ाबास, कनीना खंड के गांव रसूलपुर तथा अटेली खंड के खैरानी गांव में जाएगी। जिला प्रशासन ने इन गांव में सभी प्रकार की तैयारी पूरी कर ली हैं ताकि लोगों को सरकार की जनकल्याणकारी योजना व सेवाएं लेने में किसी प्रकार की परेशानी ना हो।

# यदुवंशी के छात्रों ने क्लेट के परिणामों में लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। यदुवंशी स्कूल की छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

हाल ही में घोषित हुए ऑल इंडिया लॉ प्रवेश परीक्षा परिणामों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए यदुवंशी की तीन छात्राएं नेहा पुत्री इंद्रजीत, दीक्षा पुत्री सोमेश शर्मा व कृतिका पुत्री कृष्ण कुमार ने देश की सर्वश्रेष्ठ एनएलयू प्रवेश सूची में अपना स्थान सुनिश्चित किया है। यह प्रदेश व जिले के लिए बड़े गौरव का विषय है। पूरे प्रदेश में एक विद्यालय से तीन विद्यार्थियों का एनएलयू में प्रवेश पाना अपने आप में एक अनूठी उपलब्धि है। वहीं क्लेट प्रवेश परीक्षा में चयनित होने वाले विद्यार्थियों की संख्या 39 है।

इस परीक्षा में चयनित होने वाले विद्यार्थियों का दाखिला देश के उच्च कोटी के संस्थानों में कानूनी पढ़ाई करने के लिए होता है और बाद में यही विद्यार्थी राष्ट्रीय स्तर के न्याय परिसरों में उच्च कोटी के न्यायाधीश व अधिवक्ता बनते हैं।

विद्यालय के प्राचार्य रवींद्र सिंह ने बताया कि यदुवंशी एक मात्र ऐसा विद्यालय है, जिससे इतनी बड़ी संख्या में क्लेट की प्रवेश परीक्षा में विद्यार्थियों का चयन हुआ है। इस विषय को लेकर विद्यालय एवं क्षेत्र में खुशी की लहर है। यदुवंशी हर प्रतियोगी परीक्षा में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन देने के लिए पूरे भारतवर्ष में जाना जाता है। विद्यालय की निदेशिका सुरेश यादव, डीन मोनिका दीवान व उप प्राचार्य नरेश यादव ने सभी चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी। यदुवंशी ग्रुप के चेयरमैन व पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने इन परिणामों पर खुशी जाहिर करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### अनिल बने खंड महेंद्रगढ़ के प्रधान

**महेंद्रगढ़।** यादव धर्मशाला में प्राथमिक शिक्षकों की एक खंड स्तरीय चुनावी बैठक हुई, इसमें चुनाव प्रवेक्षक रामसिंह और सतबीर खन्ना अटेली उपस्थित रहे। इस बैठक में पुरानी खंड कार्यकारणी ने अपना लेखा जोखा पेश किया। जिसके उपरांत पुरानी खंड कार्यकारणी ने पुरानी कमेटी भंग करके नए सिरे से चुनाव करवाने की कार्रवाई के लिए चुनाव प्रवेक्षक को जिम्मेवारी सौंप दी। जिसमें अनिल कुमार सिसोठिया को सर्वसम्मति से लगातार दूसरी बार राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ खंड महेंद्रगढ़ का प्रधान चुना गया। इसमें राकेश कुमार को महासचिव, हरिकिशन को कोषाध्यक्ष, सुरेंद्र सिंह को उपप्रधान, देवेंद्र कुमार को सचिव और उदय सिंह को ऑडिटर चुना गया।



नारनौल। बाबा पहाड़ीनाथ को शॉल ओढ़ाकर व स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित करते अतरलाल एडवोकेट। फोटो : हरिभूमि

### गौ संवर्धन से समाज का संवर्धन होता है

**नारनौल।** गौ सेवा राष्ट्र सेवा है। गौ संवर्धन से ही समाज और राष्ट्र का संवर्धन होता है। इसलिए गौशालाओं में हमें तन, मन, धन से सहयोग देकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए। उक्त विचार बहुजन समाज पार्टी के नेता प्रमुख समाजसेवी अतरलाल एडवोकेट ने खेड़ी कांटी स्थित श्री बाबा शरणायीनाथ गौशाला में आयोजित भंडारे में उपस्थित श्रद्धालुओं को सम्बोधित करते हुए कहे। उन्होंने बाबा शरणानीनाथ, बाबा हरद्धारी नाथ व बाबा पहाड़ीनाथ का वंदन करते हुए कहा कि महान साधु संतों ने इस इलाके में गौशाला की स्थापना करके महान ऐतिहासिक काम किया था। इसलिए हम सबको इस कार्य को आगे बढ़ाना चाहिए।

# गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाएगी सरकार

■ गौशाला कमेटी पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि का पगड़ी पहनाकर सम्मान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। कार्यक्रम में पहुंचे राज्यमंत्री ओमप्रकाश यादव व अन्य। फोटो : हरिभूमि

गांव बिहाली स्थित बाबा शरणनाईनाथ गौशाला का वार्षिकोत्सव शुक्रवार को आयोजित हुआ। जिसमें प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री ओमप्रकाश यादव मुख्य अतिथि रहे। इस अवसर पर गौशाला कमेटी पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि का पगड़ी पहनाकर सम्मान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यमंत्री ओमप्रकाश यादव ने कहा कि गौसेवा से बढ़कर कोई पुण्य का काम नहीं है। सरकार की ओर से गौपालन को बढ़ावा देने के लिए कई अनेक योजनाओं की शुरूआत की गई है। जिसके तहत गायों के लिए दुग्ध प्रतियोगिता का आयोजन की शुरूआत की है।

इसी तरह पशुपालन विभाग के माध्यम से गौवंश को बढ़ावा दिया जा रहा है। सरकार गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में लगातार प्रयास कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहरलाल की जोड़ी डबल इंजन सरकार के रूप में प्रदेश में समान विकास कार्य करके नए आयाम स्थापित कर रही है। इस अवसर पर राज्यमंत्री ने गौशाला कमेटी के लिए सात लाख रुपये का अनुदान देने की घोषणा की। इस मौके पर महंत पहाड़ीनाथ, प्रधान बलबीर सिंह यादव, कोषाध्यक्ष सुरेश सैनी, सचिव विरेंद्र आर्य, सुरेंद्र चौहान, रामसिंह, पूर्व चेयरमैन रामकुमार, सरपंच सत्यनारायण आदि रहे।

### अशोक को मोरगेज बैंक का डायरेक्टर चुना

**मंडी अटेली।** भूमि विकास बैंक (मोरगेज) अटेली के डायरेक्ट पद के लिए गांव हसनपुर निवासी अशोक उर्फ कालू निर्विरोध चुने गए हैं।



अनसूचित जाति वर्ग के लिए रिजर्व पद तीन साल के लिए इस पर चुने गए हैं। अटेली मोरगेज बैंक के अंतर्गत 54 गांव लगते हैं। जिले में मोरगेज बैंक की शाखाएं कनीना, नारनौल, महेंद्रगढ़ तथा नांगल चौधरी हैं। इन सभी बैंकों से एक-एक डायरेक्टर चुने गए हैं। ये सभी डायरेक्टर अब जिला स्तर पर बैंक का चेयरमैन चुनेंगे। अटेली मोरगेज बैंक के अंतर्गत करीब 10 हजार खाताधारक हैं, उनमें से एक्टिव व नियमित लेने-देने करने वाले सदस्य हर तीन साल में अपने बैंक का डायरेक्टर चुनते हैं।

# पूर्व विधायक ने ग्रामीणों को किया सम्मानित

■ स्थापना दिवस कार्यक्रम 14 जनवरी मकर संक्रांति पर नई अनाज मंडी चरखी दादरी में किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। ग्रामीणों को संबोधित करते पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह।

वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं यदुवंशी ग्रुप चेयरमैन राव बहादुर सिंह ने विभिन्न गांवों का दौरा कर यदुवंशी शिक्षा निकेतन के 29वें स्थापना दिवस के कार्यक्रम को लेकर ग्रामीणों को सम्मानित करते हुए उन्हें निमंत्रण प्रदान कर रहे हैं। यह स्थापना दिवस कार्यक्रम 14 जनवरी मकर संक्रांति पर नई अनाज मंडी चरखी दादरी में आयोजित किया जाएगा।

उन्होंने निमंत्रण प्रदान करने के लिए शुक्रवार को कोसली हलके के चौकी नंबर दो, कुमरोधा, मोतला खुर्द, मोतला कलां, औलांत, कहाड़ी, मसीत, दिदोली, रामपुरी, फतेहपुरी, दड़ोली, खुसपुरा, बालधन कलां, बालधन खुर्द, बेरली कलां, बेरली खुर्द, मूसेपुर, बिहारीपुर, हालुहेड़ा, धोकिया, रसूली, मदैया खुर्द तथा बोड़िया कमालपुर गांवों का दौरा कर जनसमूह को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि वह बच्चों के स्वर्णिम भविष्य के लिए आजीवन शिक्षा हेतु प्रयासरत रहेगा, क्योंकि शिक्षा अमृत के समान है जो विद्यार्थियों एवं संपूर्ण राष्ट्र को सशक्त कर अमरता प्रदान करती है। जीवन में आज शिक्षा का कोई सानी नहीं है।

शिक्षित समाज में कभी भी संस्कार एवं मयार्दाओं का क्षरण नहीं होता। राव के गांवों में पहुंचने पर उनका स्वागत फूलमालाएं एवं पगड़ी पहनाकर किया गया।

# नई दिल्ली स्थित दिल्ली हाट में संपन्न हुआ तीन दिवसीय कृषि एक्सपो

**महेंद्रगढ़।** बवानिया गौरव स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने बवानिया गांव में स्टार्टअप शुरू किया, जिसका दिशा-निर्देशन एवं संचालन राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक नाबार्ड की सहायता से किया जा रहा है। ग्रामीण महिलाएं गांव में उपलब्ध संसाधनों से विभिन्न प्रकार के उत्पादों को बनाने और कृषि उपज के नवीनतम तरीके अपनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। महिलाएं गांव में खाद्य पदार्थ बनाने से लेकर गोबर गैस प्लांट के संचालन ऑर्गेनिक खाद बनाने तथा ऑर्गेनिक सब्जियों एवं फल उगाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। इसी समूह की महिलाओं ने नई दिल्ली में आईएनए स्थित दिल्ली हाट में चल रहे 27 से 29 दिसंबर के तीन दिवसीय कृषि एक्सपो में भाग लिया,



महेंद्रगढ़। कृषि एक्सपो में भाग लेती सुनीता एवं कविता। फोटो : हरिभूमि

जिसमें सुनीता एवं कविता समूह ने अपने द्वारा बनाए गए उत्पादों को प्रस्तुत किया। इस एक्सपो में देश के विभिन्न कोनों से महिलाओं ने भागीदारी निभाई, जिसमें एक से बढ़कर एक उत्पाद प्रस्तुत किए। चूंकि सरकार मोटे अनाज से बने खाद्य पदार्थों को अपनाने के लिए बढ़ावा दे रही है।

### निजामपुर स्कूल में छात्रों को स्वेटर-जूते वितरित किए

**नारनौल।** नर नारायण सेवा समिति ने शुक्रवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय निजामपुर में जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्वेटर, जूते, जुराबे, स्टेशनरी वितरण व चरित्र निर्माण, नैतिक उत्थान तथा देश भक्ति एवं राष्ट्र प्रेम संबंधित कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसकी अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्या बिन्दु यादव ने की। मुख्य अतिथि नर नारायण सेवा समिति के उपप्रधान धर्मपाल शर्मा थे, जबकि जुगतीराम रिटायर्ड मुख्याध्यापक विशिष्ट अतिथि थे। मंच संचालन कर्णसिंह यादव ने किया। इस अवसर पर समिति के उपप्रधान धर्मपाल शर्मा ने कहा कि विद्यार्थी का पहला कर्तव्य है कि वे अपने माता-पिता व गुरुजनों का आदर करें। उन्होंने कहा कि पिता ईश्वर के समान है, लेकिन गुरु तो इश्वर से भी बड़ा होता है।

## प्रदेश के सरकारी व निजी विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया

# प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में आरोही मॉडल स्कूल मंढाणा प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। मंढाणा स्कूल में विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

कुरूक्षेत्र में राज्य शैक्षणिक एवं अनुसंधान परिषद गुरुग्राम की ओर से राज्य स्तरीय विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें पूरे प्रदेश के सरकारी व निजी विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

इस प्रतियोगिता में आरोही मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल मंढाणा की टीम ने भी भाग लिया। जिसमें आरोही मॉडल स्कूल की टीम में शामिल जतिन अग्रवाल नांगल चौधरी, थावर सिंह गांव दौखेरा, शीतल मंढाणा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्क्रीनिंग टेस्ट व राज्य स्तरीय विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिस पर विभाग की ओर से ट्रॉफी व 60000 रुपये की ईनाम राशि दी गई। इन विद्यार्थियों को प्रतियोगिता की तैयारी करवाने में अध्यापक अशोक बड़ेसरा, नितेश जांगिड़, राजपाल चंदेला, डा. ज्योति सैनी, डा. पूनम ने अहम भूमिका निभाई, जबकि सत्वीर शर्मा का विशेष योगदान रहा।

इसके अतिरिक्त पंचकूला में राज्य स्तरीय कला उत्सव प्रतियोगिता का भी आयोजन करवाया गया था। जिसमें आरोही मॉडल स्कूल मंढाणा की टीम ने भी इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। जिसमें विद्यालय के छात्र विधान ने एकल अभिनय कला में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसमें डा. कुसुमलता, मुकेश कुमारी व कुलदीप सिंह का अहम योगदान रहा। विद्यालय की इस शानदार उपलब्धि पर जिला शिक्षा अधिकारी सुनील दत्त यादव ने टीम व स्टॉफ को बधाई दी। खंड शिक्षा अधिकारी सुनिता यादव ने भी टीम को शुभकामनाएं दी। इस उपलब्धि में जिला विज्ञान विशेषज्ञ रविन्द्र अग्रवाल की सक्रियता व विशेष प्रेरणा रही। इस अवसर पर शुक्रवार को प्रार्थना सभा में एक ग्राम पंचायत मंढाणा की ओर से सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि लीलाराम यादव सरपंच थे। जिन्होंने विजेता विद्यार्थियों व स्कूल स्टॉफ को बधाई दी। विद्यालय प्राचार्य लीलूराम यादव ने टीम, अध्यापकों व स्टॉफ सदस्यों फूलमालाएं पहनाकर स्वागत किया।

## खबर संक्षेप



महेंद्रगढ़। डिजिटल क्लास रूम का शुभारंभ करते अतिथि। फोटो: हरिभूमि

### विजय स्कूल में डिजिटल क्लास रूम की शुरूआत

**महेंद्रगढ़।** विजय इंटरनेशनल स्कूल में शुक्रवार को डॉ. राजरूप फूलिया ने डिजिटल तकनीक से युक्त क्लास रूम की शुरूआत की। उन्होंने बताया कि हम जिस युग में जी रहे है, उसमें इंटरनेट का सही इस्तेमाल शिक्षा के लिए किया जाए तो बहुत बेहतरीन परिणाम मिल सकते हैं। उन्होंने अपने जीवन के कठिन दिनों में कैसे मेहनत की उसका भी अनुभव शेयर किया।



महेंद्रगढ़। कार्यक्रम में संबोधित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### पॉक्सो एक्ट पर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन

**महेंद्रगढ़।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में आईएफआईसी विंग प्रभारी डॉ. सुरेंद्र चौधरी की अध्यक्षता में पॉक्सो एक्ट-2012 पर आधारित दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि आज की कार्यशाला अत्यंत महत्वपूर्ण है, जिसके माध्यम से सभी लोगों को अपनी भूमिका एवं जिम्मेदारियों के प्रति जागरूकता प्रदान होगी। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसा विषय है, जिसमें हम सबको संवदेनशीलता के साथ कार्य करने की आवश्यकता है।

### संजय एलुमनी एसो. के नाम से सोसायटी गठित

**मंडी अटेली।** राजकीय महाविद्यालय ने संजय कॉलेज एलुमिनाई एसोसिएशन के नाम से सोसायटी पंजीकृत करवाई है। सरकार के आदेशानुसार और पूर्व छात्र और कर्मचारियों को एकत्रित करने के लिए कॉलेज द्वारा डिस्ट्रिक्ट रजिस्ट्रार फर्म और सोसायटी के माध्यम से अब यह एसोसिएशन एक पंजीकृत सोसायटी बन गई है।

### शिक्षकों को बनाया जाए पीएचडी सुपरवाइजर

**नारनौल।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ हरियाणा महाविद्यालय शिक्षा ने राज्य में स्थित विभिन्न विश्वविद्यालय मुख्यतः गुरु जंभेश्वर विवि हिसार, चौधरी बंसीलाल विवि भिवानी, चौधरी रणबीर सिंह विवि जींद, इंदिरा गांधी विवि मीरपुर रेवाड़ी व गुरुग्राम विवि के कुलपति को पत्र लिखकर भेजा।

### बिमला देवी को स्टाफ ने दी भावभीनी विदाई

**नारनौल।** दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के सर्कल कार्यालय से बिमला देवी चपरासी पद से सेवानिवृत्त हो गई। उन्होंने बिजली निगम में 21 वर्ष तक सेवाएं दी। इस अवसर पर अधीक्षक अभियंता रंजन राव ने उन्हें सेवानिवृत्त होने पर शुभकामनाएं दी। सर्कल कार्यालय के सुपरीटेंडेंट रहीश यादव ने बताया कि बिमला देवी ने निगम में रहते हुए अपना कर्तव्य पूरी निष्ठा व ईमानदारी से निभाया व निगम में अपनी बेहतरीन सेवाएं दी।

# ठंड का ट्रिपल अटैकः कोल्ड-डे, कोहरे व सर्दी हवाओं के चलते ठिठुरने को मजबूर आमजन

- घने कोहरे के चलते सड़क पर रेंगते हुए दिखाई दिए वाहन
- मौसम विभाग ने किया जिला महेंद्रगढ़ के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

जिले में गत दो दिन से ठंड अपने प्रचंड तेवरों से आगाज किए हुए हैं। जिसके चलते इलाके में ठंड का ट्रिपल अटैक देखने को मिल रहा है। ऐसे में कोल्ड-डे, कोहरे के साथ सर्द हवाएं चलने के कारण आमजन ठिठुरने के लिए मजबूर हो गया है। वहीं घने कोहरे के चलते सड़क पर वाहन धीमी गति से लाइट जलाकर चलने को मजबूर हो रहे है। बता दें कि इस सीजन में 27 दिसंबर रात से घने कोहरे ने दस्तक दी थी, जिसके बाद से लगातार सुबह देर तक व रात को घना कोहरा छाया रहता है। जिससे एक तरफ जहां आमजन को परेशानी हो रही है, वही दूसरी ओर कोहरा व ओंस के रूप में गिर रही बूंद फसलों के लिए काफी लाभदायक साबित होगी। बता दें कि पिछले दो-तीन दिन से सघन कोहरा की सफेद चादर ने सम्पूर्ण इलाके को अपने आगोश में ले रखा है। जिसकी वजह से वाहनों की रफ्तार पर ब्रेक लग गए है। कोहरे के कारण सड़क पर वाहन रेंगने को मजबूर है। कुछ स्थानों पर कोहरे की वजह से दृश्यता 20-50 मीटर होने की वजह से आमजन को परेशानी हो रही है। मौसम विभाग की माने तो आने वाले दो दिनों तक ठंड व कोहरा छाया रहने की संभावना है।



नारनौल। कोहरे के चलते लाइट जलाकर धीमी गति से चलते वाहन। फोटो: हरिभूमि

### प्रदेश में नारनौल रहा सबसे ठंडा

मौसम विशेषज्ञ डा. चन्द्रमाहेन ने बताया कि 30 दिसंबर को एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। जिससे सम्पूर्ण इलाके में एक बार फिर से मौसम में बदलाव, आंशिक बादलवाही व तापमान में उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा। उन्होंने बताया कि आने वाले नया वर्ष का स्वागत कड़ाके की ठंड से होगा। जिले में लगातार दो-तीन दिनों से कड़ाके की ठंड व कोहरा अपने रंग दिखा रहा है। जिसका असर जिले में सूर्य की रोशनी पर साफ तौर पर देखने को मिला। जिसके चलते शुक्रवार दोपहर बाद तक धूप नहीं निकली। जिसकी वजह से दिन के तापमान में गिरावट आई। वहीं सम्पूर्ण मैदानी राज्यों केवल राजस्थान को छोड़कर नारनौल में सबसे ज्यादा ठंडी रात रही। जिले में नारनौल व महेंद्रगढ़ का रात्रि तापमान क्रमशः 7.0 डिग्री सेल्सियस व 7.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट

भारतीय मौसम विभाग ने 30 दिसंबर के लिए प्रदेश के 11 जिलों अंबाला, कुरुक्षेत्र, करनाल, सोनीपत, पानीपत, रोहतक, सिरसा, फतेहाबाद, हिसार, कैथल, जींद में सघन कोहरा छाया रहने की वजह से रेड अलर्ट जारी किया है। वहीं महेंद्रगढ़ सहित आठ जिलों भिवानी, महेंद्रगढ़, रेवाड़ी, चरखी दादरी, झज्जर, गुरुग्राम, फरीदाबाद व यमुनानगर के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है, जबकि पंचकूला, मेवात, पलवल जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है।

## अभियान के समाप्त होते ही बाजार में दोबारा से दुकानदारों ने किया अतिक्रमण

# शहर में चला खानापूर्ति अभियान, एक घंटे ईंट रोड़े इकट्ठा करके लौटे कर्मचारी

- नगर पालिका के जेई केवल 15 मिनट के लिए कर्मचारियों के साथ रहे बाजार में, अकेले कर्मचारियों ने नहीं जुटा पाए अतिक्रमण हटाने की हिम्मत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

नगर पालिका की ओर से शहर में अतिक्रमण हटाने के लिए चलाए जाने वाला अभियान महज खानापूर्ति तक सीमित रह गया है। नगर पालिका शहर में अक्सर जोश के साथ अतिक्रमण हटाने के लिए पूरे जोश के साथ मैदान में उतरती है, लेकिन बाजार में उतरने के बाद खानापूर्ति करके वापस कार्यालय लौट जाती है। शुक्रवार को भी कुछ ऐसा ही देखा को मिला। नगर पालिका की टीम करीब एक घंटे तक बाजार में रही। इस दौरान भी टीम की ओर से न तो किसी अतिक्रमणकारी का चालान किया और न ही किसी अतिक्रमणकारी का सामान जप्त किया। केवल दुकानदारों की ओर बाजार में अतिक्रमण करने को लेकर लगाई गई ईंट और पत्थर लेकर कर्मचारी वापस बाजार लौट गए। वहीं कर्मचारियों के साथ बाजार में अतिक्रमण हटाने के लिए साथ आए नगर पालिका के जेई सिर्फ 15 मिनट तक बाजार में रहे। इसके बाद जेई अपनी गाड़ी बैठकर कार्यालय लौट गए। जेई के जाने के बाद कर्मचारी भी अतिक्रमण हटाने की हिम्मत नहीं जुटा पाए। अतिक्रमण करने वाले दुकानदार उल्टा नगर पालिका के कर्मचारियों से सवाल करते हुए नजर आए।





महेंद्रगढ़। नगर पालिका कर्मचारियों से उलझते दुकानदार तथा नगर पालिका के वाहन में रखे कर्मचारियों द्वारा उठाए गए पत्थर। फोटो: हरिभूमि

### आखिरकार शहर को कब मिलेगी अतिक्रमण से मुक्ति

बाजार में दुकानदारों की ओर से किए अतिक्रमण की वजह से बाजार में आने वाले ग्राहकों को काफी परेशानी होती है। शॉपिंग कॉम्पलेक्स के जिन दुकानदारों ने दुकान के बाहर आम रास्ते या रोड पर अतिक्रमण किया हुआ है। अतिक्रमण से आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। प्रतिदिन बाजार में रोड जाम की स्थिति बनी रहती है। शहर में सबसे ज्यादा अतिक्रमण 11 हट्टा बाजार, शॉपिंग कॉम्पलैक्स, सिनेमा रोड, गांधी मार्केट, आईटीआई रोड, रेलवे रोड सहित अनेक जगहों पर दुकानदारों ने पक्का अतिक्रमण किया हुआ है।

### कॉम्पलैक्स का अतिक्रमण हटाने का कागजों तक प्लान

शॉपिंग कॉम्पलेक्स के जिन दुकानदारों ने दुकान के बाहर आम रास्ते या रोड पर अतिक्रमण किया हुआ है। नपा की ओर से इसी साल के मार्च महीने में भी दुकानदारों को नोटिस जारी कर बरामदे खाली करने के नोटिस दिए गए थे। उस समय दुकानदार एकत्रित हो पूर्व मंत्री रामबिलास शर्मा के पास चले गए थे। पूर्व मंत्री ने नपा सचिव से फोन पर बातचीत कर उनको दो महीने का समय दिए जाने का आग्रह किया था। इसके बाद नगर पालिका ने फिर से कॉम्पलैक्स के दुकानदारों को नोटिस देकर बरामदे खाली करने का आग्रह किया। लेकिन दुकानदारों ने तीन महीने बीत जाने के बाद भी बरामदे खाली नहीं हो सके। इसके अलावा शॉपिंग कॉम्पलैक्स में कई दुकानदार अपनी दुकान के बाहर रेहड़ी-पटरी लगवाने वाले से पांच से सात हजार रुपये किराया वसूलते हैं। इतना ही नहीं दुकान के बाहर खड़ी रेहड़ियों से भी किराया वसूल किया जाता है। कुछ दुकानें तो बंद रहती हैं, लेकिन मालिक बंद दुकान के बाहर बरामदे में पटरी लगवाने वालों से किराया वसूल कर रहे हैं।



महेंद्रगढ़। दीप प्रज्वलित कर खेलों का शुभारंभ करते मुख्यातिथि। फोटो: हरिभूमि

## श्रीकृष्णा में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता हुई शुरू

- खेलों के दौरान खिलाड़ियों जोश के साथ-साथ होती है जुनून की भी आवश्यकता: बीरसिंह यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

श्रीकृष्णा स्कूल सीहमा में शुक्रवार को दो द्विसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया, जिसमें मुख्यातिथि के रूप में रिटायर्ड प्राचार्य डॉ. एसएस, विशिष्ट अतिथि चेयरमैन डॉ. बीरसिंह यादव एवं अध्यक्षता प्राचार्य अजीत सिंह ने की। डीपीई प्रीतम व भूपेंद्र ने बताया कि श्रीकृष्णा स्कूल सीहमा दो दिवसीय खेलों का शुभारंभ किया गया। खेलों का शुभारंभ मुख्यातिथि रिटायर्ड प्राचार्य एसएस यादव द्वारा मां सरस्वती के समक्ष द्वीप प्रज्ज्वलित कर एवं मशाल जलाकर किया गया। उन्होंने बताया कि दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतिस्पर्धा में 100 मी., 200 मी., 400 मी व 800 मी. दौड़, लौंग जैम्प, हाई जैम्प, कबड्डी, वॉलीबाल, रिले रेश-400 मी. सहित विभिन्न खेलों आयोजित किया गया। उन्होंने बताया कि दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतिस्पर्धा के समापन अवसर पर मुख्यातिथि रिटायर्ड प्राचार्य बीआर यादव मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। मुख्यातिथि के आगमन पर के चेयरमैन डा. बीरसिंह यादव व प्राचार्य अजीत सिंह द्वारा बुक्का भेंटकर उनका स्वागत किया।

### ये रहे पहले दिन के परिणाम

लांग जम्प मे कक्षा आठवीं से प्रिंस प्रथम, रितिक ने दूसरा व दीपांशु ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। रिले रेश 400 मी. में सुभाष चंद्र हाउस प्रथम रहा। 400 मी दौड़ में हरिश प्रथम स्थान पर रहा। मुख्य अतिथि रिटायर्ड प्राचार्य एसएस यादव ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, उन्हें तराशकर सिर्फ सही मार्गदर्शन की जरूरत है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी सुविधाओं के अभाव में पिछड़ते जा रहे हैं। चेयरमैन डॉ. बीरसिंह यादव ने कहा कि संघर्ष, साहस और संयम से हम कठिन से कठिन खेल प्रतिस्पर्धा में विजयश्री को अपने गले का हार बना सकते हैं। बशर्ते हमारे अंदर जोश के साथ-साथ जुनून भी होना चाहिए। उन्होंने कहा कि खेल हमारी संस्कृति की पहचान ही नहीं, अपितु मानव जीवन का आधार है। डायरेक्टर केएन दास ने कहा कि श्रीकृष्णा ग्रुप ऑफ इंस्टि. प्रतिभाओं को एक विशिष्ट मंच प्रदान करता है। जहां पर खिलाड़ी कुशल नेतृत्व में अपनी पहचान को एक नया आकार दे सकता है। इस मौके पर प्राचार्य अजीत सिंह, सुशीला यादव आदि उपस्थित रहे।

## सीएल स्कूल में प्रतियोगिता का आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

हुडा स्थित सीएल स्कूल में शुक्रवार को दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस प्रतियोगिता में खेल के प्रति बच्चों में काफी उत्साह दिखाई दिया।

प्रतियोगिता में अनेक स्पर्धाएं हुई। जिसमें छोटे बच्चों की बॉक्स एंड बॉल गेम विद मदर, जोकर रेस, बनी रेस व केरट रेस, पिगी बैंक रेस, बॉल बैलेंस रेस के अलावा बड़े बच्चों की 100 मीटर रेस, 200 मीटर रेस, 400 मीटर रेस, रिले रेस, शैक रेस, बैलून रेस, शार्टपुट, भालाफेंक आदि प्रतियोगितएं करवाई गई। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि एसडीएम मनोज कुमार के आगमन पर उनका स्वागत संस्था के प्रबंधक निदेशक डा. अमित गुप्ता, प्राचार्य रविंद्र यादव, स्वराज सिंह यादव, मोनिका कौशल ने किया। मुख्य अतिथि ने मशाल जलाकर कर व बच्चों की 100 मीटर रेस को हरी झंडी दिखाकर खेल प्रतियोगिता का शुभांरभ किया। मुख्य अतिथि ने खेलों के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि खेलों का हमारे जीवन में महत्वपूर्ण योगदान होता है। खेलों से बच्चों के जीवन में सहयोग की भावना का विकास होता है। खेलकूद से बच्चे शारीरिक व मानसिक सुदृढ़ होते है।



नारनौल। मशाल जलाकर प्रतियोगिता का शुभारंभ करते एसडीएम मनोज कुमार। फोटो: हरिभूमि

## आरपीएस में स्कॉलरशिप टेस्ट 31 दिसंबर को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

आरपीएस विद्यालय में 31 दिसंबर को आयोजित स्कॉलरशिप परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। इस परीक्षा के लिए आरपीएस ग्रुप के सभी 17 विद्यालयों में परीक्षा केंद्र रहेंगे, विद्यार्थी अपनी सुविधा अनुसार संबंधित परीक्षा केंद्र पर पहुंचकर परीक्षा दे सकते हैं।

परीक्षा में कक्षा तीसरी से 11वीं तक के बच्चे भाग ले सकेंगे। परीक्षा के आधार पर विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप दी जाएगी तथा इस परीक्षा के आधार पर सुपर-30 के लिए कक्षा नौवी व 11वीं के मेडिकल, नॉन मेडिकल, कॉमर्स तथा आर्ट के चयनित विद्यार्थियों का फाइनल राउंड भी होगा, जिस आधार पर उन्हें विद्यालय में पूरी तरह से निःशुल्क शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। परीक्षा में भाग लेने वाले विद्यार्थी रविवार को सुबह 9:30 बजे तक पहुंचकर अपना पंजीकरण अवश्य करवा लें। परीक्षा देने के लिए आने वाले परीक्षार्थी अपने स्कूल का आई कार्ड व आधार कार्ड भी साथ लेकर आएं। आरपीएस ग्रुप की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने बताया कि विद्यालय प्रांगण में स्कॉलरशिप परीक्षा का आयोजन 31 दिसंबर को सुबह 11.30 बजे होगा। इस परीक्षा के आधार पर 150 विद्यार्थियों का चयन आरपीएस ग्रुप करेगा जिन्हें विद्यालय में निःशुल्क शिक्षा के साथ-साथ विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी व रहने खाने की व्यवस्था भी विद्यालय प्रबंधन की ओर से की जाएगी। परीक्षा में कक्षा तीसरी से छठी तक ईवीएस, अंग्रेजी, मैथ के 20-20 प्रश्न कक्षा स्तर के आधार पर पूछे जाएंगे।





महेंद्रगढ़। आरपीएस स्कूल का भवन।

**स्कॉलरशिप परीक्षा के आधार पर 150 बच्चों को आरपीएस पढ़ाएगा नि:शुल्क**

### हैप्पी स्कूल की छात्रा शीतल बनी एयर इंडिया में पायलट

**महेंद्रगढ़।** विद्यालय को प्रतिभाओं का दर्पण कहा जाता है। यह बात शीतल पुत्री धर्मवीर और आशा गांव सुंदरह निवासी ने सिद्ध कर दिखाई है। हैप्पी एवरग्रीन स्कूल की 2005 से 2014 तक नियमित छात्रा रही शीतल ने एयर इंडिया में पायलट के रूप में चयनित होकर सभी विद्यार्थियों के सामने एक मिसाल कायम की है। प्राचार्य डॉ. जेएस कुंतल से मिली जानकारी के अनुसार शीतल हैप्पी स्कूल का एक अहम हिस्सा रही है, जिसने अपनी पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ न केवल स्कूली शिक्षा ग्रहण की, अपितु उस शिक्षा से सही मार्गदर्शन प्राप्त कर सफलता की इन बुलंदियों को छूआ है। प्रबंध निदेशक मनीष अग्रवाल और मैनेजर चंचल अग्रवाल ने शीतल, उसके पूरे परिवार और सभी अध्यापकों को बधाई देते हुए बताया कि एयर इंडिया द्वारा निर्धारित सभी उद्देश्यों पर शीतल खरी उतरेगी। संचालक सुभाष चंद्र अग्रवाल और उपसंचालिका कौशल्या अग्रवाल ने शीतल और उसके परिवार को बधाई देते हुए बताया कि ऐसी होनहार छात्राएं न केवल अपने भविष्य का सर्वांगीण विकास करती हैं, अपितु दूसरों के लिए एक प्रेरणा का स्रोत भी बन जाती हैं।



छात्रा शीतल

### एचपीएस में कैरियर गाइडेंस आधारित सेमिनार आयोजित

**नारनौल।** नांगल चौधरी रोड स्थित हरियाणा पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए कैरियर गाइडेंस आधारित सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में मुख्य वक्ता नीमराना स्थित नालंदा विश्वविद्यालय से डा. अभिषेक व उनकी टीम रही। सेमिनार में विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह से भाग लिया।

नालंदा विश्वविद्यालय के आए हुए प्रतिनिधियों ने अपने विश्वविद्यालय में उपलब्ध विभिन्न पाठ्यक्रमों के बारे में विद्यार्थियों को अवगत करवाया। कैरियर काउंसलिंग एक्सपर्ट डा. अभिषेक ने कॉमर्स व कला संकाय के विद्यार्थियों को डिजिटल मार्केटिंग, एनिमेशन, ग्राफिक्स व विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों को रोबोटिक्स, ड्रोन, साइबर सिक्योरिटी आदि विषयों के बारे में स्लाइड प्रेजेंटेशन द्वारा विस्तृत जानकारी दी व विद्यार्थियों को इन विषयों में अपना कैरियर बनाने के लिए मार्गदर्शन दिया। विद्यार्थियों ने भी अपने कैरियर संबंधित कई प्रश्न पूछे और उनका समाधान प्राप्त किया। संस्था अध्यक्ष मनोज भारद्वाज ने बताया कि विद्यार्थियों को कैरियर के संबंध में जानकारी मिल जाए तो विद्यार्थी को उसका लाभ मिलता है।



नारनौल। सेमिनार में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

## बिजली मंत्री रणजीत सिंह चौटाला का केट काट मनाया जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

बिजली मंत्री रणजीतसिंह चौटाला का शुक्रवार जन्मदिन था। इस दिन वह नारनौल में ग्रीवेंस मीटिंग लेने आए थे। यह मीटिंग समाप्त करके वह महेंद्रगढ़ रोड स्थित अशोक चौधरी आवास पर पहुंचे। यहां कार्यकर्ताओं को संबोधित किया और जन्मदिन का केक काटा गया। इस दौरान उनके साथ राज्य मंत्री ओमप्रकाश यादव भी मौजूद रहे। इस अवसर पर अशोक चौधरी ने अतिथि सत्कार किया और रणजीत सिंह चौटाला की लंबी उम्र की कामना की। इस मौके पर नगर परिषद उपप्रधान संजय यादव, समाजसेवी संजय सैनी, मोहनलाल गुप्ता पैट्रोल पंप वाले, रवि गुप्ता आपार होटल, सुनील वर्मा, रविंद्र मटरू, पार्षद मोहनलाल शर्मा, पार्षद कपिल यादव, पार्षद मोहित मित्तल, पार्षद अतरसिंह, पार्षद सुलतान सैनी, पार्षद प्रतिनिधि अशोक सैनी, पार्षद प्रतिनिधि सुमेर कांडा, पार्षद मनोज सैनी, पार्षद सिकंदर सैनी, पार्षद प्रतिनिधि बललू यादव, पार्षद योगेश त्योगी, पार्षद प्रतिनिधि तन्नू यादव, पूर्व पार्षद सुंदर सैनी लेफ्टी, प्रशांत एडवोकेट, पूर्व पार्षद दिनेश सैनी, पूर्व पार्षद किशन बौहरा, सैनी सभा प्रधान बिशन सैनी, यूनियन प्रधान अजीत सैनी आदि मौजूद रहे।



नारनौल। अशोक चौधरी आवास पर केक काटते रणजीतसिंह चौटाला।

### हकेंवि में संकाय संवर्धन कार्यक्रम का समापन

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के पंडित मदन मोहन मालवीय टीचर्स ट्रेनिंग केंद्र द्वारा 18 से 28 दिसंबर तक आयोजित कौशल विकास और भारतीय ज्ञान परंपरा विषय के तीसरे संकाय संवर्धन कार्यक्रम का समापन हुआ। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने अपने संदेश में संकाय संवर्धन कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए आयोजकों को बधाई दी। कुलपति ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन की दिशा में इस तरह के कार्यक्रम भविष्य में भी आयोजित किए जाएंगे। विवि की समकुलपति प्रोफेसर सुषमा यादव ने कहा कि यह कार्यक्रम शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप प्रशिक्षित करने समर्थ होगा।

## सदन में बिजली मंत्री ने उठाई मांग

# तब जजपा जिला अध्यक्ष आए आगे...50 हजार दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

बिजली करंट लगने से सास-बहु झुलस गई थी। आर्थिक तंगी का हवाला देते हुए सास-बहु परिजनों के सहारे ग्रीवेंस मीटिंग में पहुंची। बिजली मंत्री रणजीत सिंह चौटाला ने उनकी बात सुनी। बिजली निगम को तुरंत वहां से तार हटाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। फिर महिला ने आर्थिक तंगी का हवाला देते हुए सहायता की गुहार लगाई। यह सुन बिजली मंत्री ने ग्रीवेंस मेंबर सहित पार्टी पदाधिकारियों की ओर इशारा कर आर्थिक सहायता करने या किसी संगठन से सहायता करने को कहा। मंत्री की यह बात सुन कुछ पलों तक सब शांत रहे। इसी बीच जजपा जिला अध्यक्ष डा. मनीष शर्मा आगे आए और कहा कि 50 हजार की आर्थिक सहायता वह देंगे। यहीं नहीं, उनके अस्पताल में उपचार करवाएंगे। अगर पीजीआई रोहतक भी उपचार करवाना पड़ा तो वह एंबुलेंस सहित वहां ऑपरेशन का खर्चा खुद वहन करेंगे। डा. मनीष शर्मा की इस दरियादिली देख पूरे सदन ने ताली बजाकर उनका उत्साह बढ़ाया।



नारनौल। बिजली मंत्री की मांग पर जजपा जिला अध्यक्ष डा. मनीष शर्मा सहयोग की घोषणा करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### बहू और चाची सास झुलस गए थे करंट से

शहर में मौहल्ला बड़का कुआं वासी महिला शीला देवी व उनकी सास चाची संयोगिता देवी ने ग्रीवेंस बैठक में बताया कि 23 दिसंबर को वह चाची सास के साथ जब छत पर कपड़े सूखा रही थी, तब गिले कपड़े अचानक बिजली के तारों को छू गए। इस कारण हम दोनों करंट से झुलस गए। आर्थिक हालत कमजोर है। उपचार के लिए जयपुर तक गए है। इतना पैसा नहीं है कि उपचार सहीं ढंग से करवा सके। उन्होंने मंत्री के समक्ष यह भी मांग रखी कि तारों को दूसरी जगह शिफ्ट किए जाएं ताकि दोबारा ऐसी घटनाएं ना हो सके। दोनों महिला वहां खड़ी होने की हालत में भी नहीं थी। यह नजारा व उनकी बात सुनने के बाद बिजली मंत्री ने अधिकारियों को तार हटवाने को कहा। फिर आर्थिक सहायता देने की बात उठी। ग्रीवेंस सदस्यों ने कहा कि गरीब महिला है। सरकार ने आर्थिक सहायता दी जाए। रेडक्रास से भी पैसा मिले। इस पर उपायुक्त ने कहा कि रेडक्रॉस कैश पैसा नहीं दे सकता। वह सीएमओ से बात करके इनका उपचार करवा सकती है। यह सुन बिजली मंत्री ने सरकारी तंत्र की बजाय वहां बैठे ग्रीवेंस मेंबर व भाजपा-जजपा पार्टी पदाधिकारियों से ही सहयोग करने को कहा। यह सुनकर जब कोई आगे नहीं आया तो जजपा जिला अध्यक्ष डा. मनीष शर्मा आगे आए और सदन में घोषणा की। इस संबंध में उनकी पार्टी के जिला प्रवक्ता सिकंदर गहली का कहना था कि डा. मनीष शर्मा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. अजय सिंह चौटाला एवं प्रदेश के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के सच्चे सिपाही हैं और वह राजनीति के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों को भी बखूबी निभाते आ रहे हैं। उन द्वारा आज पेश की गई मिसाल से अन्य लोगों को भी प्रेरणा मिलेगी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुडा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005